DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## हर थाने में सीसीटीवी अनिवार्य

**रिकॉर्डिंग जांचने के लिए कंट्रोल रूम बनें, जिसमें इंसानी दखल कम हो : सुप्रीम कोर्ट**

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों के ठीक से काम न करने के मुद्दे पर गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने साफ कहा कि यह 'ओवरसाइट' यानी निगरानी की कमी का मामला है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सोमवार को कहा कि इस पर अंतिम आदेश 26 सितंबर को दिया जाएगा।

### हर थाने का स्वतंत्र निरीक्षण

न्यायालय ने सुझाव दिया कि शुरुआती स्तर पर सभी पुलिस थानों का स्वतंत्र एजेंसी से निरीक्षण कराया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि इस काम में किसी आईआईटी को शामिल कर सॉफ्टवेयर विकसित कराया जा सकता है।



# सुप्रीम फैसलों का दिन

**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीन अहम मामलों पर टिप्पणी की—वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को बरकरार रखते हुए विवादित धाराओं पर रोक लगाई, जामनगर स्थित वनतारा वाइल्डलाइफ सेंटर को क्लीनचिट देते हुए SIT रिपोर्ट में किसी गड़बड़ी से इनकार किया और देशभर के थानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि निगरानी का सबसे प्रभावी तरीका स्वतंत्र कंट्रोल रूम और तकनीकी समाधान है, जिस पर अंतिम आदेश 26 सितंबर को आएगा।**



## वक्फ कानून बरकरार, कुछ धाराओं पर रोक

**⏩ सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले से सभी पक्ष खुश**

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है। अदालत ने फिलहाल उस प्रावधान को निलंबित कर दिया है, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए कम से कम पाँच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त रखी गई थी। कोर्ट ने कहा कि इस संबंध में उचित नियम बनने तक यह शर्त लागू नहीं होगी। इसी तरह, धारा 3(74) से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड के प्रावधान पर भी रोक लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के संपत्ति अधिकार तय नहीं कर सकती। जब तक नामित अधिकारी की जांच पर अंतिम निर्णय न हो और जब तक वक्फ संपत्ति के मालिकाना हक पर वक्फ ट्रिब्यूनल तथा हाई कोर्ट का फैसला न आ जाए, तब तक वक्फ को उसकी संपत्ति से बेदखल नहीं किया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि राजस्व रिकॉर्ड से जुड़े मामलों का अंतिम निपटारा होने तक किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाए जाएंगे।

### बोर्ड में अधिकतम तीन गैर-मुस्लिम सदस्य ही होंगे

वक्फ बोर्ड की संरचना पर टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कहा कि बोर्ड में अधिकतम तीन गैर-मुस्लिम सदस्य ही हो सकते हैं, यानी 11 में से बहुमत मुस्लिम समुदाय से होना चाहिए। साथ ही, जहां तक संभव हो, बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) मुस्लिम ही होना चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह आदेश वक्फ एक्ट की वैधता पर अंतिम राय नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है। लेकिन कुछ प्रावधानों पर अंतरिम सुरक्षा दी जा रही है। कोर्ट ने यह भी जोड़ा कि सामान्यतः किसी कानून के पक्ष में संवैधानिक वैधता की धारणा रहती है।

### पाँच साल वाली शर्त खारिज

मुख्य आपत्तियाँ धारा 3(r), 3(c), 3(d), 7 और 8 पर थीं। इनमें से धारा 3(r) के उस प्रावधान पर कोर्ट ने रोक लगाई, जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए पाँच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त थी। अदालत ने कहा कि जब तक सरकार इस पर स्पष्ट नियम नहीं बनाती, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा, वरना इसे मनमाना माना जा सकता है।

### कार्यपालिका का दखल असंवैधानिक

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी कलेक्टर या कार्यपालिका को संपत्ति अधिकार तय करने की अनुमति देना शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जब तक धारा 3(c) के तहत वक्फ संपत्ति के मालिकाना हक का अंतिम निर्णय वक्फ ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट से नहीं हो जाता, तब तक न तो वक्फ को संपत्ति से बेदखल किया जाएगा और न ही राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ होगी। साथ ही, इस दौरान किसी तीसरे पक्ष के अधिकार भी नहीं बनाए जाएंगे। सीजेआई ने कहा कि वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था 1923 से थी. इस निर्णय को मुस्लिम पक्षकारों ने भी सराहा और कानून के समर्थक हस्तक्षेप याचिकाकर्ताओं ने भी संतोषजनक बताया। निर्णय सुनने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे कांग्रेस नेता और शायर इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि अंतरिम निर्णय बहुत राहत देने वाला है। वक्फ की संपत्तियों पर अब कोई खतरा नहीं।

## वनतारा को क्लीनचिट

**⏩ जानवरों की खरीद-बिक्री कानूनी : सुप्रीम कोर्ट**

**⏩ जैन मठ से हथिनी की शिफ्टिंग पर था विवाद**



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जामनगर स्थित वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में जानवरों की खरीद-बिक्री नियमों के दायरे में हुई है। यह सेंटर अंबानी परिवार के रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित है। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पी.बी. वराले की पीठ ने कहा कि विशेष जांच दल (SIT) की रिपोर्ट में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। अदालत ने टिप्पणी की कि अब इस मामले को बार-बार उठाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। स्वतंत्र समिति ने जांच की है और हम उसी पर भरोसा करेंगे।

### SIT रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होगी

वनतारा के वकील हरीश साल्वे ने दलील दी कि रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ऐसा होने पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया (जैसे न्यूयॉर्क टाइम्स) उसका कुछ अंश लेकर गलत नैरेटिव बना सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार करते हुए कहा कि रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाएगी।

### हथिनी माधुरी का विवाद

यह पूरा विवाद हाथी 'माधुरी' को कोल्हापुर के जैन मठ से वनतारा में स्थानांतरित किए जाने के बाद शुरू हुआ। माधुरी 1992 से स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी संस्थान मठ में रह रही थी। दिसंबर 2024 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य कारणों से माधुरी को वनतारा भेजने का आदेश दिया, जिसे 29 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा। 16 जुलाई 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट ने फिर आदेश दिया कि हथिनी को स्थानांतरित किया जाए। यह आदेश PETA इंडिया द्वारा जताई गई चिंताओं के आधार पर था। जुलाई 2025 के अंत में कोल्हापुर में विरोध प्रदर्शन हुए और धार्मिक भावनाओं को ठेस का हवाला देकर उसे वापस लाने की मांग उठी।

### SIT की जांच और रिपोर्ट

चार सदस्यीय SIT का नेतृत्व पूर्व जज जस्टिस जे. चेलमेश्वर ने किया। टीम में जस्टिस राघवेंद्र चौहान (पूर्व मुख्य न्यायाधीश, उत्तराखंड व तेलंगाना हाईकोर्ट), पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर हेमंत नागराले और कस्टम अधिकारी अनिश गुप्ता शामिल थे। SIT ने 12 सितंबर को रिपोर्ट सौंपी, जिसकी सराहना करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समिति को मानदेय भी दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### 10 अक्तूबर को नागपुर में मोर्चा निकालने की तैयारी

**नागपुर।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर विवाद तेज हो गया है। ओबीसी, एससी और एसटी संगठनों ने हैदराबाद गजट आधारित सरकारी आदेश का विरोध किया है, जिससे आरक्षण विवाद मराठा बनाम ओबीसी में बदलता दिख रहा है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'अतिवाद की राजनीति' से बचने की चेतावनी दी है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि ओबीसी के अधिकार प्रभावित नहीं होंगे। दरअसल, बंजारा संगठनों ने एसटी दर्जे की मांग करते हुए आत्महत्या और आंदोलन की चेतावनी दी है। आदिवासी समूहों ने इसका विरोध किया है। ओबीसी नेता 10 अक्तूबर को नागपुर में बड़ा मोर्चा निकालेंगे। शरद पवार ने सरकार पर सामाजिक ताना-बाना तोड़ने का आरोप लगाया।

### महाराष्ट्र में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का खुलासा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। राज्य सरकार के राजस्व विभाग के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में लगभग 2 लाख 24 हजार लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, जिनमें से केवल 1 लाख 24 हजार प्रमाण पत्र ही बन सके। लगभग एक लाख आवेदन लंबी जांच के बाद रद्द कर दिए गए। सरकार द्वारा जारी किए गए 1 लाख 24 हजार जन्म प्रमाण पत्रों की गहन जांच में 49 हजार प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इसका मतलब है कि ये 49 हजार प्रमाण पत्र अवैध तरीके से बनाए गए थे, जिन्हें तुरंत निरस्त कर दिया गया।

### यूएई की जीत से भारत को मिला सुपर-4 का टिकट

**अबु धाबी।** टीम इंडिया की टी20 एशिया कप 2025 के सुपर-4 राउंड में सीट कंफर्म हो गई है। सोमवार को यूएई की जीत के बाद भारत ने सुपर-4 का टिकट कटाया। यूएई ने अबु धाबी के मैदान पर ओमान को 42 रनों से धूल चटाई। ओमान की टीम लगातार दो मैच गंवाने के बाद सुपर-4 की रेस से बाहर हो गई है। भारत ग्रुप ए की तालिका में शीर्ष पर काबिज है।

## सभी वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ मराठी में करना अनिवार्य

मुनीब चौरसिया | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने सभी विभागों और मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि उनकी वेबसाइट का मुख्य पृष्ट (ओपनिंग पेज) अनिवार्य रूप से मराठी भाषा में होना चाहिए। इसके साथ ही वेबसाइट का डिजाइन और नाम रखने का तरीका (नेमिंग प्रोटोकॉल) भी एक जैसा होना चाहिए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह फैसला सरकार के अगले डेढ़ सौ दिनों के प्रदर्शन के लक्ष्यों के तहत लिया गया है। उन्होंने कहा, आज के साइबर धोखाधड़ी और गुमराह करने वाली वेबसाइट के दौर में यह कदम जरूरी है।

### सरकार का सभी विभागों-मंत्रालयों को निर्देश



### सरकार के कामकाज के अनुभव के आधार पर उठाया गया कदम

एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला सरकार के पहले सौ दिनों के प्रदर्शन के अनुभव के आधार पर लिया गया है। उन्होंने कहा, पहले हर विभाग ने अपने-अपने लक्ष्य तय किए थे, जिससे तुलना करना मुश्किल हो गया था। उदाहरण के लिए, जैसे किसी विभाग ने पुराने कानूनों में सुधार को लक्ष्य बनाया, तो किसी ने केवल कामकाज को आसान बनाने पर फोकस किया। इससे आकलन में असंतुलन आ गया।

### 'एक समान होगा सभी वेबसाइट का यूजर इंटरफेस'

उन्होंने आगे बताया कि वेबसाइट पर अंग्रेजी में भी जानकारी पढ़ने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। यह निर्देश राज्य सरकार की एक बड़ी पहल का हिस्सा है, जिसका मकसद सभी विभागों में एकरूपता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नए दिशानिर्देशों के मुताबिक, सभी सरकारी वेबसाइट पर एक समान यूजर इंटरफेस होगा।

## बर्खास्त आईएएस पूजा के माता-पिता पर मारपीट का आरोप

**मुंबई।** बर्खास्त IAS अधिकारी पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर, उनकी पत्नी मनोरमा और बॉडीगार्ड प्रफुल सालुंखे पर ट्रक केw हेल्पर के अपहरण और मारपीट करने का आरोप लगा है। मामला 13 सितंबर की शाम का है, जब नवी मुंबई के ऐरोली में उनकी 2 करोड़ की लैंड क्रूजर SUV की टक्कर एक सीमेंट मिक्सर ट्रक से हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि दिलीप और सालुंखे ने ट्रक हेल्पर प्रह्लाद कुमार (22) को जबरन गाड़ी में बैठाकर पुणे के चतुश्रृंगी स्थित घर ले जाकर बंधक बना लिया और पिटाई भी की। पुलिस के मुताबिक, शिकायत पर जब वह खेडकर के घर पहुंची तो मनोरमा खेडकर ने टीम से बदसलूकी की और उन पर कुत्ता छोड़ दिया। हालांकि, पुलिस ने हेल्पर को छुड़ा लिया।

## महाराष्ट्र के हर जिले में मिले कैंसर का इलाज

**⏩ सीएम फडणवीस ने दिए निर्देश**

दीपक पवार | मुंबई



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चिकित्सा शिक्षा एवं औषधि विभाग को निर्देश दिया है कि राज्य के लोगों को व्यापक कैंसर सेवाएं प्रदान करने के लिए एक नीति तैयार की जाए। अपने सरकारी निवास 'वर्षा' पर आयोजित बैठक में उन्होंने राज्य के सभी जिलों में व्यापक कैंसर उपचार सेवाएं उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया।

### बैठक में अधिकारियों की भागीदारी

बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, सार्वजनिक स्वास्थ्य सचिव विनायक निपुण, सचिव वीरेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा सचिव धीरज कुमार, स्वास्थ्य सेवा आयुक्त डॉ. कादंबरी बलकवडे, कैंसर केसर परियोजना के मानद सलाहकार कैलाश शर्मा, टाटा मेमोरियल अस्पताल के निदेशक डॉ. सी.एस. प्रमेश, निदेशक डॉ. श्रीपाद बनवाली और निदेशक डॉ. पंकज चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न स्तरों पर कैंसर उपचार केंद्र स्थापित करना आवश्यक है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग्स-वन्यजीव तस्करी का पर्दाफाश



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, मुंबई पर कस्टम विभाग (जोन-III) ने 12 से 15 सितंबर 2025 के बीच ड्रग्स, विदेशी करेंसी और वन्यजीव तस्करी के कई मामलों का पर्दाफाश किया। अधिकारियों ने विशेष खुफिया सूचना और प्रोफाइलिंग के आधार पर उड़ानों से आए या जाने वाले यात्रियों को पकड़कर भारी मात्रा में जब्ती की।

### 49 करोड़ की जब्ती, कई गिरफ्तार

### हाइड्रोपोनिक वीड की बड़ी बरामदगी

पहले मामले में ताशकंद से आए एक यात्री के ट्रॉली बैग से 7.118 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 7.118 करोड़ रुपए आंकी गई। इसी तरह, बैंकॉक से आए अन्य दो यात्रियों के पास से क्रमशः 18.025 किलो और 17.975 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की गई, जिनकी कुल कीमत लगभग 36 करोड़ रुपए से अधिक है।

### वन्यजीव तस्करी का चौंकाने वाला मामला

सबसे चौंकाने वाला मामला वन्यजीव तस्करी का सामने आया। बैंकॉक से आए एक यात्री के ट्रॉली बैग से जीवित और मृत दुर्लभ प्रजातियों के कई जानवर बरामद हुए। इनमें मीरकैट, हायैक्स, शुगर ग्लाइडर, बड़े तोते, ग्रीन बेसिलिस्क लिज़ार्ड, लेपर्ड टॉर्टॉइज, अल्बिनो रेड ईयर्ड स्लाइडर, कॉमन ब्लू टंग्ड स्किंक, बीयर्डेड ड्रैगन, डुमेरिल्स मॉनिटर लिज़ार्ड, क्विंस मॉनिटर लिज़ार्ड और वॉटर मॉनिटर लिज़ार्ड शामिल थे।

**प्रतिबंध** श्रीनगर में तय हुई नई रणनीति

## मनी लॉन्ड्रिंग पर शिकंजा कसने की तैयारी में ईडी

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा रियल-मनी ऑनलाइन गेमिंग पर लगाए गए हालिया प्रतिबंध के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ED) अब इस क्षेत्र से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की गतिविधियों पर सख्ती से नजर रखेगा। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में न केवल जांच तेज की जाएगी बल्कि आरोपपत्र समय पर दाखिल कर ट्रायल को भी फास्ट ट्रैक किया जाएगा। यह निर्णय जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में 12 और 13 सितंबर को हुई ईडी की 32वीं त्रैमासिक कॉन्फ्रेंस में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ईडी निदेशक राहुल नवीन ने की।



इस दौरान एजेंसी के सभी जोनल ऑफिसरों और वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। सम्मेलन का आयोजन हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राज्य के सुरक्षा माहौल पर भरोसा बहाल करने के मकसद से किया गया। बैठक में खास तौर पर ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के क्षेत्र को मनी लॉन्ड्रिंग के नए खतरे के रूप में चिह्नित किया गया। सरकार द्वारा इस क्षेत्र में बैन के बाद ईडी ने कहा कि संगठित अपराधियों द्वारा धन शोधन के लिए इसका दुरुपयोग रोकने के लिए 'फोकस्ड स्ट्रेटजी' बनाई जाएगी।

### पीएमएलए मामलों में तेजी और विशेष अदालत की मांग

ईडी ने इस बात पर जोर दिया कि रोकथाम और सतर्कता उसकी प्राथमिकता है। एजेंसी ने उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को पत्र भेजकर विशेष PMLA अदालतें गठित करने का प्रस्ताव दिया है ताकि मामलों की सुनवाई तेज हो सके। अभी तक ईडी की पीएमएलए मामलों में 94 प्रतिशत से अधिक की सजा दर है, जिसमें 53 में से 50 मामलों में सजा मिली है।

### संपत्ति जब्ती और पीड़ितों को राहत

बैठक में यह भी तय हुआ कि संशोधित नियम लाकर जब्त संपत्तियों पर जल्द कब्जा सुनिश्चित किया जाएगा ताकि अपराधियों को उनके काले धन का लाभ न मिल सके। ईडी ने अब तक 34,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति पीड़ितों और वैध दावेदारों को लौटाई है। यह कदम हाल के वर्षों में और सक्रियता से उठाया जा रहा है।

60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामला

# ईओडब्लू के सामने पेश हुए राज कुंद्रा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा कानूनी मुश्किलों में फिर से फंसे हुए नजर आ रहे हैं। मुंबई के एक व्यापारी के साथ 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी मामले में आज मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने उन्हें अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया। सूत्रों के अनुसार, राज कुंद्रा का बयान दर्ज कर लिया गया है और अगले हफ्ते उनसे पूछताछ हो सकती है।

### गवाहों के बयानों की जांच के बाद होगी अगली पूछताछ

हालांकि इस मामले में अभी कई और गवाहों के बयानों की जांच और पुष्टि बाकी है। EOW सूत्रों के अनुसार, गवाहों के बयानों को ठीक से खंगालने के बाद ही पूछताछ का अगला दौर शुरू किया जाएगा। राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी पर कथित 60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में जांच चल रही है और इसी कारण दोनों को समन भेजा गया था।



### बिजनेस के आरोपों पर कार्रवाई

यह कार्रवाई बिजनेसमैन दीपक कोठारी की शिकायत के आधार पर की गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि साल 2015 और 2023 के बीच शेट्टी और कुंद्रा द्वारा संचालित बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कारोबार विस्तार के लिए उन्होंने 60 .48 करोड़ रुपए का निवेश किया था। राज कुंद्रा ने इस मामले में इंडिया टुडे से बात करते हुए कहा, हमने कुछ गलत नहीं किया और ना ही कभी करेंगे।

### राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी की फिल्में

राज कुंद्रा बिजनेसमैन होने के साथ अब अभिनेता भी बन चुके हैं। उनकी हाल ही में फिल्म 'मेहर' रिलीज़ हुई, जिसमें वह एक्ट्रेस गीता बसरा के साथ नजर आए। फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। वहीं शिल्पा शेट्टी को फिल्म 'कमीने' में देखा गया था।

## 13वें म्हाडा लोकशाही दिवस में 15 आवेदनों पर सुनवाई

दीपक पवार | मुंबई

महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) ने कल बांद्रा पूर्व स्थित आवास भवन में 13वां लोकशाही दिवस आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने की। इस अवसर पर नागरिकों के 15 आवेदनों पर सुनवाई की गई और उपाध्यक्ष ने पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और निष्पक्ष प्रशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

### लंबित कमाठीपुरा मामले का त्वरित समाधान




लोकशाही दिवस के दौरान कमाठीपुरा स्थित पुरानी सेस्ड बिल्डिंग में अधिकारी परिवार के लंबित मामले को हल किया गया। लगभग 15 वर्षों से लंबित इस मामले में संजीव जायसवाल ने बोर्ड अधिकारियों को तत्काल सुनवाई करने का आदेश दिया। चार घंटे के भीतर अधिकारी को व्यापक सूची में पात्र घोषित कर दिया गया और उन्हें स्थायी घर के लिए पात्रता पुष्टि पत्र प्रदान किया गया।

### अटारी और विलंब शुल्क से संबंधित आवेदन

ज्ञानदेव ओरोस्कर ने लोअर परेल में तुलसी बिल्डिंग के पुनर्विकास में अटारी को अपार्टमेंट के कुल क्षेत्रफल में शामिल करने के लिए आवेदन किया। जायसवाल ने सात दिनों में संबंधित अधिकारियों से सुनवाई और निर्णय लेने का निर्देश दिया। साथ ही, पुणे जिले के साहेबराव गायकवाड़ ने विलंब शुल्क माफ करने का आवेदन किया। जायसवाल ने मानवीयता और आर्थिक स्थिति को देखते हुए 75,000 रुपए का विलंब शुल्क माफ कर फ्लैट का कब्ज़ा देने के आदेश दिए।

### कंप्यूटर लॉटरी और फ्लैट कब्ज़ा

रिद्धि वाजे ने दो म्हाडा फ्लैट के मामले में हाल ही में आयोजित कंप्यूटर लॉटरी में फ्लैट का कब्ज़ा पाने के लिए आवेदन किया। जायसवाल ने नियमों के अनुसार एक आवेदक को केवल एक फ्लैट का लाभ मिलने का निर्णय लागू करते हुए हाल ही में नीलाम हुए फ्लैट का कब्ज़ा संबंधित आवेदक को देने का निर्देश दिया। कमलेश समदानी ने गिरगांव स्थित माणेक बिल्डिंग और बाई मोतीबाई मंदिर ट्रस्ट के दो कमरों का कब्ज़ा दिलाने के संबंध में आवेदन किया।

### सहकारी आवास समितियों के लंबित कार्य

सुभाष चापिया ने गोराई-बोरीवली स्थित अंगारकी सहकारी आवास समिति के लंबित कार्यों के लिए आवेदन किया। जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों को समिति का 2003 से अब तक का लंबित ऑडिट 45 से 60 दिनों के भीतर पूरा करने का आदेश दिया।

## पेड़ों पर दीपों की मालाएँ पर्यावरण के लिए खतरा

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में इन दिनों दिन-रात ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों पर दीपों की मालाएँ लटकाना एक फैशन बन गया है। पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिनकर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को संदेश भेजकर चेताया कि नवरात्रि, दशहरा, दिवाली, क्रिसमस और नए साल के दौरान पेड़ों पर खतरनाक बिजली के तार लगाकर पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए जोखिम पैदा हो जाता है। उन्होंने इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### कृत्रिम रोशनी से पेड़ों का जीवन प्रभावित

त्योहारों के मौसम में दुकानों और सोसाइटियों द्वारा पेड़ों को बिजली की लड़ियों, हैलोजन और अन्य रोशनियों से सजाया जाता है। यह आकर्षक दिखने वाली रोशनी कई बार शॉर्ट सर्किट का कारण बनती है, जिससे पेड़ों के जीवन चक्र पर गंभीर असर पड़ता है। सूर्यास्त के बाद जब पेड़ अपनी निद्रा अवस्था में प्रवेश करते हैं, तो कृत्रिम रोशनी उनकी श्वसन प्रक्रिया और जैविक घड़ी को बाधित करती है।



### पक्षियों और जानवरों के लिए खतरा

इस विद्युत रोशनी से केवल पेड़ ही नहीं, बल्कि पक्षी और निशाचर जानवर भी प्रभावित होते हैं। घोंसले ढह जाते हैं और अंधेरे में रहने वाले जानवरों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। मानव स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ता है, जिससे अनिद्रा, तनाव और सिरदर्द जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

## बविआ की महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन समारोह संपन्न

डीबीडी संवाददाता | विरार

वसई-विरार मनपा की प्रथम महिला महापौर प्रवीणा हितेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में और बहुजन विकास आघाड़ी के संघटक सचिव व प्रवक्ता अजीव पाटिल के मार्गदर्शन में विरार पूर्व की महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन समारोह रविवार देर शाम जीडी गार्डन हॉल, विवा तारांगण, विरार पूर्व में धूमधाम से संपन्न हुआ।

### कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

इस अवसर पर बहुजन विकास आघाड़ी, विरार पूर्व के सभी पूर्व सभापति, नगरसेवक, नगरसेविकाएं, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पत्रकार मित्र और शुभचिंतक उपस्थित थे। महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रथम महिला महापौर प्रवीणा हितेंद्र ठाकुर का गर्मजोशी से स्वागत किया।



### दीप प्रज्ज्वलन से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित मान्यवरों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस मौके पर प्रवीणा ठाकुर ने महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए उनके कार्यक्षेत्र में उत्पन्न होने वाली जनसमस्याओं को समझने और उनका निराकरण करने का भरोसा दिलाया। संघटक सचिव अजीव पाटिल ने समारोह की सफलता के लिए बहुजन विकास आघाड़ी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी को आगे भी सक्रिय होकर समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की प्रेरणा दी।

## 'आपले सरकार पोर्टल' पर ठाणे जिले में 97% शिकायतों का निराकरण

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए आपले सरकार 2.0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए ठाणे जिला परिषद के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। पोर्टल पर अब तक 2,762 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2,665 का निराकरण किया जा चुका है, जबकि केवल 99 शिकायतें आगे की कार्रवाई के लिए क्षेत्र स्तर पर लंबित हैं। इस पोर्टल के माध्यम से ग्रामीणों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने और उसकी वर्तमान स्थिति जानने की सुविधा मिली है, और कुल मिलाकर 97 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है।

### समयबद्ध समाधान सुनिश्चित

आपले सरकार

सरकारी निर्देशानुसार, प्रत्येक शिकायत का समाधान 21 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में, जिला परिषद में आने वाली शिकायतों का औसतन 11 दिनों के भीतर समाधान किया जा रहा है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विशेष प्रयास किए हैं।

### 150 दिवसीय कार्यक्रम में विशेष जोर

राज्य सरकार के 150-दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आपले सरकार पोर्टल पर शिकायतों के समाधान पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को तेज़, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

### नियमित समीक्षा और शिकायतकर्ता संपर्क

आपले सरकार पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की विस्तृत समीक्षा प्रत्येक सोमवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में की जाती है। यदि शिकायत ठीक से प्रस्तुत नहीं की जाती या मामला स्पष्ट नहीं होता, तो शिकायतकर्ता से तुरंत फ़ोन पर संपर्क किया जाता है। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य प्रशासन) अविनाश फड़तारे ने कहा कि वे संतुष्ट हैं कि ठाणे जिला परिषद शिकायतों का निवारण प्रभावी तरीके से कर रही है।

## बाइक टैक्सी का किराया प्रति 1.5 किलोमीटर के लिए 15 रूपए

मुंबई। महाराष्ट्र स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने सोमवार 15 सितंबर को बाइक टैक्सी (Bike Taxi) का किराया तय कर दिया है। इसके लिए अब यात्रियों को 1.5 किलोमीटर के लिए 15 रूपए देने होंगे। इसके बाद प्रत्येक किलोमीटर पर 10.27 रूपए का किराया वसूला जाएगा।इससे पहले राज्य सरकार ने 1 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में बाइक टैक्सी और बाइक पूलिंग सेवाएं शुरू करने की अनुमति दी थी। 4 जुलाई को सरकार ने महाराष्ट्र बाइक-टैक्सी नियम, 2025 अधिसूचित किए थे, जिसमें ऐप-आधारित सेवाओं को सख्त लाइसेंसिंग और सुरक्षा शर्तों के तहत मंजूरी दी गई।एक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO) के अधिकारी ने PTI को बताया कि यह किराया खटुआ पैनल के फॉर्मूले के आधार पर तय किया गया है, जिसे पहले ऑटो और टैक्सी के लिए भी अपनाया गया है। 18 अगस्त को हुई STA की बैठक में यह निर्णय लिया गया था और अब आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा कर दी गई है।हालांकि सेवा अभी आधिकारिक रूप से शुरू नहीं हुई है, लेकिन कई जगहों पर बाइक टैक्सी अवैध रूप से चलाई जा रही हैं।

## मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कुछ हिस्सों में जलापूर्ति नहीं

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम की जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत जांभुल जल शोधन केंद्र के जलाशय में 12वें ग्रेविटी चैनल संख्या 1, 2 और 3 पर उन्नयन और तत्काल रखरखाव के लिए शटडाउन लिया जाएगा। इस कारण ठाणे मनपा क्षेत्र के कलवा, मुंब्रा, दिवा, वागले और माजीवाडा-मानपाड़ा प्रभाग समितियों के कुछ हिस्सों में शुक्रवार, 19 सितंबर को जलापूर्ति बंद रहेगी।

### 24 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद



12वें ग्रेविटी चैनल संख्या 1 पर कार्य के कारण गुरुवार, 18 सितंबर की मध्यरात्रि 12 बजे से शुक्रवार, 19 सितंबर की मध्यरात्रि 12 बजे तक कुल 24 घंटे के लिए पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान कलवा प्रभाग समिति, रूपादेवी पाड़ा, किसननगर क्रमांक 2, वागले प्रभाग समिति के अंतर्गत नेहरू नगर और मानपाड़ा प्रभाग समिति के अंतर्गत कोलशेत खालचा गाँव में जलापूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

### पानी का सीमित उपयोग और सुरक्षा उपाय

जलापूर्ति शुरू होने के बाद अगले 1 से 2 दिनों तक पानी कम दबाव पर उपलब्ध होगा। इस अवधि में नागरिकों से अपील की गई है कि वे पानी का कम से कम उपयोग करें। साथ ही, ठाणे मनपा ने पानी पीने से पहले उसे छानकर और उबालकर प्रयोग करने की सलाह दी है।

## जिला परिषद इंजीनियर एसोसिएशन ने मनाया अभियंता दिवस

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर जिला परिषद ठाणे एवं महाराष्ट्र राज्य जिला परिषद इंजीनियर्स एसोसिएशन की ओर से संयुक्त रूप से 15 सितंबर को समिति भवन, बी. जे. हाई स्कूल में अभियंता दिवस एवं आदर्श अभियंता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इंजीनियरों को अपने ज्ञान को निरंतर अद्यतन करते रहना चाहिए, परिश्रमपूर्वक कार्य करना और तकनीकी कौशल प्राप्त करना ही वास्तविक प्रगति है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार ने इंजीनियरों को वास्तविक कार्यों में आने वाली समस्याओं का समाधान खोजने और कार्य को सरल, प्रभावी बनाने के लिए समन्वय, योजना और आधुनिक तकनीक का उपयोग करने पर जोर दिया। कार्यपालक अभियंता पद्माकर लहाने और जिला परिषद इंजीनियर्स एसोसिएशन ठाणे के सचिव इंजी. मंगेश मासुरकर ने भी उपस्थित इंजीनियरों को विकास कार्यों में तकनीकी दक्षता और गुणवत्ता बनाए रखने का मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के आगमन, दीप प्रज्ज्वलन और सर विश्वेश्वरैया के चित्र पूजन के साथ किया गया।

### आदर्श अभियंता पुरस्कार और सेवानिवृत्त इंजीनियरों का सम्मान



इस अवसर पर आदर्श अभियंता पुरस्कार से सम्मानित किए गए इंजीनियरों में अनिल जीवनराव दीवान, मनीषकुमार बागलराव हेरलेकर, कैलाश पंडितराव खलाणे और विजय भीमराव सुल्ताने शामिल थे। इसके अलावा, सेवानिवृत्त इंजीनियरों जैसे इंजी. विलास चौधरी, संतोष विश, काशीनाथ भोईर और अन्य को सम्मानित किया गया। समारोह में पदोन्नत अभियंताओं को भी बधाई दी गई, जिनमें उपयंत्री पद पर इंजी. राजेंद्र नाले, विजय विसावले, विजया पंधारे सहित अन्य और कनिष्ठ अभियंता (निर्माण) पद पर वसंत मोरे, भावना बेलदार, किरण गोटरने आदि शामिल थे। परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोडे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तारे, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी वैजनाथ बुराडकर सहित जिला परिषद के सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## नरेंद्र मेहता के प्रयासों को मिली सफलता

विनय दूबे | भाईंदर



भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि गत 16 जुलाई को विधान भवन में विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में शहर की जर्जर इमारतों के पुनर्विकास के संबंध में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार क्लस्टर योजना के बाहर आने वाली खतरनाक घोषित इमारतों के पुनर्निर्माण प्रक्रिया को सरल बनाते हुए अनिवार्य अनुमति दी जाएगी। बैठक के दौरान विधायक नरेंद्र मेहता ने ठाणे शहर की तरह मीरा-भाईंदर में भी 9 मीटर चौड़ी सड़कों पर खतरनाक इमारतों के पुनर्निर्माण की अनुमति देने की मांग की।

### सड़क चौड़ाई और इमारत की ऊंचाई

यूडीसीपीआर के प्रावधानों के अनुसार, भूमि के सामने वाली सड़क की चौड़ाई के अनुसार ही इमारत की अनुमत ऊँचाई निर्धारित होगी। यदि आवश्यक हो, तो सड़क की चौड़ाई 9 .0 मीटर होनी चाहिए। साथ ही, सड़क की आगामी मासिक दूरी को ध्यान में रखते हुए महानगरपालिका सड़कों को 12 .0 मीटर तक चौड़ा करने की कार्रवाई कर सकती है, ताकि आवश्यक एफएसआई प्रदान की जा सके।

## यातायात जाम से नागरिक परेशान

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे शहर में लगातार यातायात जाम की समस्या बढ़ रही है, जिससे नागरिकों को अपने दैनिक आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के चलते महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सोमवार को तिनहात नाका चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

### तकनीक के इस्तेमाल और सुझाव

अविनाश जाधव ने परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल नई तकनीक का उपयोग कर दंडात्मक कार्रवाई करने से यातायात की भीड़ कम नहीं होती। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से यातायात प्रबंधन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को नई तकनीक का उपयोग करके नागरिकों की सुविधा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए और यातायात सुचारू बनाए जाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

### वाहन चालकों की समस्याओं का समाधान आवश्यक



मनसे ने चेतावनी दी कि यदि यातायात विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और भीड़भाड़ कम करने के उपाय नहीं किए, तो एक दिन वाहन चालकों का धैर्य टूट जाएगा। अविनाश जाधव ने कहा कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से समाधान नहीं होगा, इसलिए ठोस उपायों और उचित प्रबंधन के माध्यम से ही वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

### मनसे का विरोध और चेतावनी

मनसे ठाणे-पालघर जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों पर जुर्माना लगाने वाले परिवहन विभाग को पहले यातायात जाम से निपटने के उपाय करने चाहिए। वरना नागरिकों और वाहन चालकों का धैर्य टूट जाएगा। मनसे ने इस संबंध में यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट को ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर मनसे शहर अध्यक्ष रवींद्र मोरे, पुष्कर विचारे सहित सैकड़ों महाराष्ट्र सैनिक मौजूद थे।

## उल्हासनगर में चोरों के हौसले बुलंद

### घरों व आश्रम से लाखों के गहने व नगदी की चोरी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद नज़र आ रहे हैं, जबकि पुलिस बेबस दिखाई दे रही है। चोर दिनदहाड़े घरों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर लाखों रुपए की चोरी कर फरार हो रहे हैं। हाल ही में शहर में लगातार तीन बड़ी वारदातें सामने आई हैं, जिनसे नागरिकों में भय का माहौल है।

### इंदिरा नगर में लाखों की नकदी और गहने चोरी



हिललाइन पुलिस थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी अनिल श्रीकांत चौहान ने शिकायत दर्ज कराई कि 22 अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे उनकी बहू की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण वह जल्दबाज़ी में अस्पताल चले गए। घर की जिम्मेदारी पड़ोसी दूधनाथ गौतम पर छोड़कर वह माहेश्वरी अस्पताल पहुँचे, लेकिन इसी दौरान अज्ञात चोरों ने अलमारी से 3 लाख 70 हजार रुपए नकद और गहने चुराकर फरार हो गए। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक बेडकुले कर रहे हैं।

### ब्रह्माकुमारी आश्रम को बनाया निशाना

दूसरी घटना विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सामने आई। यहाँ अज्ञात चोरों ने ब्रह्माकुमारी आश्रम के लकड़ी के कपाट का ताला तोड़कर 18 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए और फरार हो गए। घटना के बाद आश्रम प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### खेमानी क्षेत्र से 4.80 लाख की चोरी

तीसरी वारदात उल्हासनगर-2 खेमानी इलाके में हुई। यहाँ निवासी शंकर बालानी ने शिकायत दी कि उनके घर का लोहे का दरवाज़ा तोड़कर अज्ञात चोर बेडरूम की अलमारी से 4 लाख 80 हजार रुपए मूल्य के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच पुलिस उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर माली को सौंपी गई है।

# 'किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही सरकार'

## शरद पवार ने दी आंदोलन की चेतावनी



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर किसानों की परेशानियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो विपक्ष अपना आंदोलन और तेज करेगा, ताकि सरकार ध्यान 'कृषि संकट' की ओर खींचा जा सके।

### कर्जमाफी की घोषणा नहीं हुई तो मंत्रियों को राज्य में नहीं घूमने देंगे: सुप्रिया सुले

शरद पवार के नेतृत्व में पार्टी ने आक्रोश मोर्चा आयोजित किया। इस मोर्चे का मकसद किसानों की दिक्कतों को उजागर करना था। पवार एक खुले वाहन में पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मोर्चे में शामिल हुए। राकांपा (शरद पवार गुट) ने मांग की है कि सरकार राज्य में 'गीला सूखा' घोषित करे और किसानों का पूरा कर्ज माफ करे। पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर सरकार एक महीने में कर्ज माफी की घोषणा नहीं करती है, तो वह मंत्रियों को राज्य में आवाजाही नहीं करने देंगे।

### 'महाराष्ट्र के किसानों को नहीं मिल रहा फसलों का उचित दाम'

उन्होंने कहा, देवाभाऊ...चारों ओर देखों कि क्या हो रहा है। नेपाल में लोगों ने सरकार को गिरा दिया है, क्योंकि वह उनकी उम्मीदों पर खरीद नहीं उतरी। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार किसानों की हालत को लेकर असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा और निर्यात पर पाबंदी है। हालांकि, उन्होंने इस पर विस्तार से कुछ नहीं कहा। पवार ने कहा, कर्ज ही किसानों की सबसे बड़ी समस्या है और इसका कोई समाधान निकाला जाना चाहिए।

### छत्रपति शिवाजी महाराज के मार्ग पर चलें फडणवीस: शरद पवार

रैली को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा, हमने मीडिया में देखा है कि देवाभाऊ (देवेंद्र फडणवीस) छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने हाथ जोड़े खड़े हैं। उन्हें शिवाजी महाराज के मार्ग पर चलना चाहिए, जिन्होंने किसानों को कभी परेशान नहीं होने दिया। पूर्व मुख्यमंत्री पवार ने चेतावनी दी कि सोमवार का आक्रोश मोर्चा तो केवल एक शुरुआत है।

### 35 हजार करोड़ की कर्जमाफी क्यों नहीं दे सकती सरकार: रोहित पवार

पार्टी के महासचिव रोहित पवार ने कहा, महाराष्ट्र ने पिछले आठ वर्षों में जीएसटी के रूप के रूप में राष्ट्रीय कोष में दो लाख करोड़ रुपये दिए हैं, तो सरकार 35 हजार करोड़ रुपये की कर्जमाफी क्यों नहीं दे सकती ?

### 'कृषि संकट को नजरअंदाज करती रही सरकार, तो लाखों किसान करेंगे आत्महत्या'

उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार कृषि संकट को नजरअंदाज करती रही तो किसान आत्महत्या करते रहेंगे, जिनकी संख्या अभी हजारों में है। अगर सरकार कृषि संकट को नजरअंदाज करती रही, तो यह संख्या लाखों तक पहुंच सकती है। हम चुप नहीं बैठ सकते। प्रदर्शन के दौरान राकांपा (शरर पवार गुट) के नेताओं ने प्याज, अंगूर और अन्य फसलों के लिए उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग भी की।

# ठग निकली पत्नी

## कर्ज दिलाने के बहाने पति से ऐंठे करोड़ों रुपए




**मुंबई।** मुंबई में एक महिला ने कर्ज दिलाने के बहाने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पति से कथित रूप से 1.73 करोड़ रुपये की ठगी की। साथ ही, आरोपी ने उसे फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दी। भांडुप थाने के अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के आधार पर रविवार को पूनम रोडे और उसके साथियों सचिन येलावी, सुहास पवार और किशोर पवार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

### 2019 में दोस्तों से कराई मुलाकात

अधिकारियों के अनुसार, सितंबर 2019 में पूनम ने अपने पति विशाल अशोक रोडे को अपनी दोस्त येलावी और परिचित सुहास पवार से मिलवाया। उसने दावा किया कि वे व्यवसायी हैं जो ऋण दिलाने में मदद कर सकते हैं। बाद में पूनम ने कहा कि सुहास पवार को जानने वाला व्यवसायी म्हात्रे तीन करोड़ रुपये का ऋण कंपनी के माध्यम से दे सकता है। दबाव में आकर विशाल ने प्रोसेसिंग फीस के रूप में 6.92 लाख रुपये येलावी को दे दिए, लेकिन ऋण कभी जारी नहीं किया गया।

### व्हाट्सऐप पर अश्लील तस्वीरों का आदान-प्रदान

प्राथमिकी में बताया गया कि सुहास पवार के कार्यालय में काम करने वाली एक महिला ने विशाल रोडे के साथ व्हाट्सऐप पर बातचीत शुरू की और कथित रूप से अश्लील तस्वीरें भेजी। आरोपी इस सामग्री का इस्तेमाल उसे धमकाने के लिए करते रहे। आरोपियों ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और मामले को निपटाने के लिए उनसे लगातार पैसे मांगना शुरू कर दिया।

# 'कांस्टेबल ने बंदूक तानी फिर कहा 'जय माता दी' बोलो...'

## महिला ने मुंबई कोर्ट में दी गवाही

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के रेलवे फायरिंग मामले में नया खुलासा हुआ है। आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी ने जुलाई 2023 में चलती ट्रेन में फायरिंग कर चार लोगों की जान ली थी। उसने एक बुर्का पहनी महिला यात्री को बंदूक की नोक पर 'जय माता दी' कहने के लिए मजबूर किया था। महिला गवाह ने सोमवार को अदालत में पेश होकर घटना का पूरा विवरण सुनाया। महिला ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वाईबी पठान के सामने गवाही दी। उसने बताया कि आरोपी ने पहले धीरे बोलने पर उसे धमकाया और कहा कि अगर वह इस देश में रहना चाहती है तो जोर से 'जय माता दी' कहना होगा।



### चार हत्याओं का आरोपी

चौधरी पर आरोप है कि 31 जुलाई 2023 को उसने जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपने वरिष्ठ एएसआई टिकराम मीणा और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना महाराष्ट्र के पालघर स्टेशन के पास हुई थी। वारदात के बाद चौधरी को ट्रैक के पास पकड़ा गया और तब से वह जेल में है। घटना ने देशभर में सनसनी फैला दी थी।

### बंदूक छीनने की कोशिश

महिला ने बताया कि जैसे ही चौधरी ने बंदूक तानकर धमकाया, उसने डरते-डरते उसे पकड़कर ऊपर की ओर मोड़ा और आरोपी की पहचान पर सवाल किया। लेकिन आरोपी ने चेतावनी दी कि अगर उसने हथियार को दोबारा छुआ तो वह गोली मार देगा।

### गवाही में डटे रहना

महिला ने अभियोजन पक्ष के सवालों के जवाब में कहा कि आरोपी ने उसे सिर्फ इसलिए निशाना बनाया क्योंकि उसने बुर्का पहन रखा था। बचाव पक्ष की जिरह के दौरान भी उसने अपने बयान से पलटने से इनकार किया। महिला गवाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश आरोपी चौधरी की पहचान की और कहा कि वही शख्स है जिसने उसे धमकाया था। अदालत में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुधीर सापकले मौजूद थे।

# पूर्व नियोजित था खिलाड़ियों का हाथ न मिलाना : नाना पटोले

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने सोमवार को दावा किया कि एशिया कप में मैच के बाद भारत और पाकिस्तान के खिलाफ खिलाड़ियों का हाथ न मिलाना एक पूर्व नियोजित (स्क्रिप्टेड) कदम था, जिसका मकसद राजनीतिक लाभ उठाना था। उन्होंने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने न तो टॉस के समय और न ही मैच के बाद हाथ मिलाने की प्रक्रिया निभाई। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह केवल एक परंपरा है, कोई नियम नहीं।

### असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा: नाना पटोले



पटोले ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि इस तरह की बातों से महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और आम जनता के मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा है और यह सब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की योजना के तहत हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा भारत-पाकिस्तान के मुद्दों पर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहती है। पटोले ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया गया, लेकिन केंद्र सरकार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की इजाजत देती है। खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने को कहा गया था। पटोले ने शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत के उस दावे का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि मैच के दौरान करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये का सट्टा लगा।

### 'राज्यपाल पद का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही मोदी सरकार'

सोमवार को आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का कार्यवाहक राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भी पटोले ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार राज्यपाल के पद का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले हफ्ते आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का कार्यवाहक राज्यपाल नियुक्त किया था, क्योंकि पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को देश का अगला उपराष्ट्रपति चुना गया है। देवव्रत 2019 से गुजरात के राज्यपाल हैं और अब महाराष्ट्र का भी कामकाज देखेंगे।

# आचार्य देवव्रत ने संभाला महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार

**मुंबई।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सोमवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। राजभवन में आयोजित समारोह में उन्होंने संस्कृत भाषा में शपथ ली। बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।



### शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख उपस्थितियां

मुंबई स्थित राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, उपसभापति डॉ. नीलम गोरहे, कौशल विकास, उद्यमिता, रोजगार और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, सहकारिता मंत्री बाबासाहेब पाटिल, खेल मंत्री माणिकराव कोकाटे, मुख्य सचिव राजेश कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (प्रक्रिया) मनीषा म्हैसकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी।

**सार्वजनिक सूचना**
**नाम परिवर्तन**

मैं एतद्द्वारा सूचित करता/करती हूँ कि मैंने राजपत्र अधिसूचना के अनुसार अपना नाम आत्माराम गुप्ता (पुराना नाम) से आत्माराम बैजूराम गुप्ता (नया नाम) में परिवर्तित कर लिया है, जिसका विवरण इस प्रकार है:
राजपत्र संख्या: M-25204451
आधार संख्या: 846821695769
पैन संख्या: AERPG3692R
सरकारी पहचान संख्या: 2610
कर्मचारी संख्या/पीएफ संख्या: 00801761894

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
Executive Engineer, Intetrated Unit (P.W.) Division, Fort, Mumbai-400 001.
Email: integratedmumbai.ee@mahapwd.com
Tel. No. 022-22016974 Fax No. 022016976

**E-TENDER NOTICE NO. 12 of 2025-26**

Online E-Tenders in "B-1" Form for the followoing work are invited by Executive Engineer, Integrated Unit (P.W.) Division, 2nd Floor, Bandhkam Bhavan, 25th Marzhban Road, Fort, Mumbai-400 001 Tele phone No. 22016974/22016976 from Interior Decoratar Contractors Registered in Class of the Public Works Department of Maharashtra.

| Sr. No. | Name of Work | Estimate Cost Rs. |
|---|---|---|
| 1 | Repairs and renovation of flat No.201 at Vidhi Building, G.J. Bhosale Marg, Mumbai. | 2734173/- |
| 2 | Repairs and renovation furniture, Bed, Storage unit, door of Flat No.1601 at 16th floor at Sarang Building, G.J. Bhosale Marg, Mumbai. | 3772616/- |

**(Total 02 Works included in this Notice)**

Tender Available Date : **Date 15/09/2025 at 10.30 hrs. to Date 22/09/2025 at 15.00 hrs.**
Opening Date (If possible) : **Date 24/09/2025 at 15.05 hrs.**
All detail information is available on following websiters.
Visit web site for details: 1. http://mahapwd.com 2. **http://mahatenders.gov.**

**No.EE/IU/TC/4665**
Office of the Executive Engineer, Integrated Unit (P.W.) Division, Fort, Mumbai-400 001.
Date: 11-9-25

Sign/-
Executive Engineer,
Integrated Unit (P.W.) Division,
Fort, Mumbai.

DGIPR-2025-26/2553

# मुंबई और महाराष्ट्र में मूसलाधार बारिश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में सोमवार सुबह से मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण मध्य रेलवे की सेवा आंशिक रूप से बाधित है, जबकि पश्चिम रेलवे की सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं। सड़कों पर जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ है और पुणे में कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।



### चार दिनों के लिए रेड अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में आगामी चार दिनों तक भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में रविवार की रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है और बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है।

### नागरिकों और मछुआरों को चेतावनी

आपदा प्रबंधन विभाग ने आम नागरिकों से आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील की है। साथ ही मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### आगामी बारिश की स्थिति

मौसम विभाग ने 16 सितंबर को रायगढ़, छत्रपति संभाजीनगर और पुणे घाट इलाके में बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कोंकण क्षेत्र के बाकी हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है और पूरे मराठवाड़ा में येलो अलर्ट है। मध्य महाराष्ट्र के सतारा, कोल्हापुर और सिंधुदुर्ग तथा विदर्भ के चंद्रपुर और गढ़चिरौली में हाई अलर्ट है। 17 सितंबर को विदर्भ में बारिश की तीव्रता कम होगी, जबकि यवतमाल और चंद्रपुर जिलों के लिए येलो अलर्ट रहेगा। बीड, लातूर और नांदेड़ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है।

### पूरे राज्य में चेतावनी जारी

सिंधुदुर्ग को छोड़कर पूरे उत्तर महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पुणे, सोलापुर, अहिल्यानगर, नासिक, धुले, नंदुरबार और जलगांव में हल्की बारिश की चेतावनी है। 18 सितंबर को रत्नागिरी, रायगढ़, ठाणे, नासिक, छत्रपति संभाजीनगर, जलगांव, धुले और नंदुरबार में येलो अलर्ट है। मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। 19 सितंबर को नंदुरबार, धुले, जलगांव, छत्रपति संभाजीनगर, जालना और रायगढ़ जिलों में येलो अलर्ट रहेगा।

**वार्षिक आम बैठक हेतु सूचना**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि माटुंगा सहकारी भंडार लिमिटेड, माटुंगा, मुंबई - 4000 19 के सदस्यों की वार्षिक आम सभा सोमवार, 29 सितंबर 2025 को प्रातः 10.30 बजे माटुंगा भंडार परिसर, वडाला में आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यसूची के अनुसार निम्नलिखित कार्य निष्पादित किए जाएँगे। कृपया समय पर उपस्थित हों।

**कार्यसूची**

01. पिछली वार्षिक आम सभा के कार्यवृत्त को पढ़ना और उसकी पुष्टि करना।
02. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लेखापरीक्षित आय-व्यय खातों और बैलेंस शीट को अनुमोदित और पुष्टि करना।
03. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वैधानिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति करना।
04. अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य विषय।

**नोटः-**

1. यदि कार्यवाही के लिए अपेक्षित गणपूर्ति उपलब्ध नहीं है, तो बैठक 30 (तीस) मिनट के लिए स्थगित कर दी जाएगी और स्थगित बैठक **उसी दिन और उसी स्थान** पर तुरंत बाद आयोजित की जाएगी और उसके बाद किया गया कोई भी कार्यवाही उसी प्रकार मान्य मानी जाएगी जैसे कि वह विधिवत रूप से उपस्थित सामान्य निकाय की बैठक में की गई हो।
2. यदि कोई सदस्य संस्था के खातों के संबंध में कोई विशिष्ट प्रश्न पूछना चाहता है, तो वह उसे लिखित रूप में संस्था के पदाधिकारियों को प्रस्तुत कर सकता है, ताकि यह दिनांक 27.09.2025 को 1700 बजे तक पहुँच जाए।
3. संस्था के लेखापरीक्षित खातों का विवरण इच्छुक/कोई भी/या सभी सदस्य, घोषित कार्यालय समय पर संस्था कार्यालय से देख सकते हैं।
4. कोई भी प्रॉक्सी या पावर ऑफ अटॉर्नी या प्राधिकार पत्र धारक, संस्था के किसी सदस्य की ओर से संस्था की सामान्य निकाय की बैठक में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगा।

**धन्यवाद,**
**भवदीय,**
**स्थानः मुंबई**
**दिनांकः 16/09/2025**

**माननीय सचिव**
**(श्री सचिदानंद शेट्टी)**

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**विभागः मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)**
**सं. ई.ई. यांत्रिक दक्षिण/3751/एम एंड ई दिनांक 15.09.2025**

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त, पात्र बोलीदाताओं से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। बोली प्रारंभ तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि एवं समय, बी.एम.सी. की वेबसाइट पर निविदा अनुभाग के अंतर्गत विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है।

| क्र. | बोली संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_MCGM_1217995_1 | आर/दक्षिण वार्ड में बी.डी.बी.ए. अस्पताल, कांदिवली पश्चिम में विभिन्न कार्यशील उपयोगिताओं के साथ-साथ संबंधित विद्युत कार्यों का निर्माण। |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए बी.एम.सी. की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in पर जाएँ।

हस्ता/-
ई.ई.मैक. (दक्षिण)

पीआरओ/1605 /विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना -**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम, 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) के प्रावधानों के अनुसार, 'आर/मध्य' वार्ड से 03 प्रस्ताव और 'आर/दक्षिण' वार्ड से 01 प्रस्ताव, अर्थात् **ज़ोन-VII में कुल 04** प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें पेड़ों को हटाने के लिए महाराष्ट्र राज्य वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी वृक्ष प्राधिकरण/मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) से अनुमोदन का अनुरोध किया गया है।

उपर्युक्त प्रस्तावों में कटाई/रोपण हेतु वृक्षों की जानकारी बीएमसी की वेबसाइट- https://mcgm.gov.in हमारे बारे में वार्ड/विभाग विभागीय नियमावली उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण वृक्ष प्राधिकरण विज्ञापन 7 दिन- W.S.-Z-VII-76 पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्तावों पर नागरिकों से आपत्तियाँ/सुझाव, यदि कोई हों, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक के कार्यालय में आमंत्रित हैं।

आप अपने सुझाव/आपत्ति निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in पर इस ईमेल आईडी पर भी प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय में प्राप्त आपके निर्धारित प्रारूप में सुझाव/आपत्तियाँ नोट कर ली जाएँगी। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों/सुझावों की सुनवाई 24/09/2015 को शाम 4.30 बजे से 5.00 बजे तक उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक के कार्यालय में होगी। जिन लोगों को इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक लगे, वे अपने ईमेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ उपस्थित रह सकते हैं।

**उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक**

उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक कार्यालय, द्वितीय तल,
हम्बोल्ट पेंगुइन भवन, वी.जे.बी. उद्यान एवं चिड़ियाघर, संत
सावता माली मार्ग, भायखला (पूर्व), मुंबई-400027
दूरभाषः 23742162
ईमेलः dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता/-
उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक

पीआरओ/1607/विज्ञापन/2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

## संतुलित फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगा दी, लेकिन पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि हमेशा पूर्व धारणा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में किया जा सकता है। इस अधिनियम के पारित होने के बाद कई लोगों ने इसे चुनौती दी थी। यह निर्णय न केवल मुस्लिम समुदाय बल्कि सम्पूर्ण समाज और प्रशासनिक तंत्र के लिए गहरे मायने रखता है। दरअसल, संसद ने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और पारदर्शिता के लिए यह संशोधन पारित किया था। उद्देश्य था वक्फ संपत्तियों का संरक्षण और उनके उपयोग में जवाबदेही लाना। लेकिन कुछ प्रावधानों ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए। उदाहरण के लिए, यह तय करना कि कोई व्यक्ति कितने वर्षों से मुस्लिम है तभी वह वक्फ कर सकेगा, धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रत्यक्ष आघात था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाकर नागरिक अधिकारों की रक्षा की है। इसी तरह, वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या तय करने का प्रावधान या जिला कलेक्टर को यह अधिकार देना कि वह किसी संपत्ति को वक्फ घोषित करे या नहीं, भी विवादास्पद था। ऐसे प्रावधानों से न केवल प्रशासनिक हस्तक्षेप बढ़ता बल्कि संपत्ति अधिकारों को लेकर अंतहीन विवाद खड़े होते। कोर्ट ने इन्हीं आशंकाओं को आधार मानते हुए इन्हें फिलहाल स्थगित किया है। यह फैसला बताता है कि न्यायपालिका संतुलन साधने का प्रयास कर रही है। एक ओर, सरकार का उद्देश्य पारदर्शिता और सुव्यवस्था सुनिश्चित करना है, तो दूसरी ओर नागरिक स्वतंत्रता और धार्मिक अधिकार भी समान रूप से संरक्षित रहने चाहिए। यदि कानून का कुछ हिस्सा संविधान के मूल सिद्धांतों से टकराता है तो उसे सुधारे बिना लागू करना कठिन होगा। अब जिम्मेदारी सरकार और संसद की है कि वे अदालत की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करें और संशोधन में आवश्यक सुधार करें। वक्फ संपत्तियाँ सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील विषय हैं। इनका संरक्षण तभी संभव है जब प्रबंधन पारदर्शी हो और सभी समुदायों का भरोसा बना रहे। सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप लोकतंत्र की उस मूल भावना को पुष्ट करता है जहाँ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका एक-दूसरे पर संतुलन बनाए रखते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह फैसला वक्फ प्रबंधन को मजबूत करने के साथ-साथ धार्मिक स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों की रक्षा भी सुनिश्चित करेगा।

# दीपक अलग-अलग, पर प्रकाश एक ही



## ज्योति अग्रवाल

स्नातक (B.Sc) एवं परास्नातक (M.A) की शिक्षा प्राप्त की है तथा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET) उत्तीर्ण की है। राज्य सेवा एवं केंद्रीय सेवा में कार्य करने का व्यापक अनुभव है। वर्तमान में अतिरिक्त आयुक्त, सीमा शुल्क, मुंबई के पद पर कार्यरत हैं।



**हर ज़रा-ज़रा में जब तू है, तो और क्या ढूंढता हूं**
**हर चेहरे में तेरा चेहरा दिखा, तो और क्या ही तलाशता हूं मैं**

**ये पंक्तियां** मुझे याद दिलाती हैं कि जब हम गहराई से देखते हैं, तो हर चेहरे में दिव्यता का एक अंश दिखाई देता है। वह एकत्व की अनुभूति अक्सर सबसे अप्रत्याशित स्थानों पर प्रकट हो जाती है।

**अभी** हाल ही में महाराष्ट्र के गणेशोत्सव के दौरान एक नई चीज समझने को मिली, यह त्योहार इस शहर के भाईचारे को समृद्धि देता है। लालबागचा राजा की भव्यता हर किसी को भक्ति से विभोर कर देती है। देश के कोने-कोने से लोग बप्पा का आशीर्वाद लेने आते हैं। जिसने मुझे गहराई से छुआ, वह केवल लाखों भक्तों की आस्था नहीं थी, बल्कि विश्वासों का आपस में घुलना-मिलना था। विसर्जन के दौरान, जब गणेशजी की प्रतिमा हिंदुस्तानी मस्जिद, भायखला पर ठहरती है, तो अलग-अलग धर्मों (मुस्लिम समाज) के लोग एक साथ आते हैं—अलग समूहों के रूप में नहीं, बल्कि एक समुदाय के रूप में। यह समुदाय गणेश आरती करता है, इसके बाद गणपति बप्पा आगे बढ़ते हैं। इस भीड़ के बीच खड़े होकर मैंने भाईचारे और बंधुत्व की एक अपार अनुभूति की। यह केवल एक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि सौहार्द्र का सजीव प्रतीक था।

**इंसानियत** और भाईचारे की इस सुंदर पहल ने मेरी अपनी ज़िंदगी की स्मृतियों को ताज़ा कर दिया। मैंने कभी धर्म को एक विभाजक रेखा की तरह नहीं देखा, बल्कि इसे मानवता को हमसे जोड़ने वाला धागा पाया।

**सच** कहूं तो, मैंने भी अनेक बार अलग-अलग धर्मों के परिवारों के बारे में सामग्री देखी-पढ़ी। उनमें से बहुत कुछ आलोचनात्मक था — कभी उन्हें कट्टर मान्यताओं से बंधा हुआ दिखाया गया, तो कभी असहिष्णुता या हिंसा से जोड़ा गया। ऐसे कथानक, जब बार-बार सामने आते हैं, तो मन में अनजाने संदेह और सूक्ष्म भय उत्पन्न कर देते हैं। मैंने खुद से सवाल करना शुरू किया: क्या यही सचमुच लोगों की परिभाषा है? या फिर ये धारणाएं अधूरी और एकतरफ़ा हैं? उत्तर खोजने के लिए मैंने अपने जीवनानुभवों की ओर रुख किया।

**बचपन** में मेरे सबसे क़रीबी मित्र अलग-अलग धर्मों के परिवारों से आते थे। हमने कभी एक-दूसरे को धर्म के चश्मे से नहीं देखा। हमारी दुनिया खेलों, राज़ों और सपनों से भरी थी। ईद पर मैं उनके घर सेवइयां खाने जाती और होली पर वे मेरे घर रंग खेलने आते। उनके परिवार, यह जानते हुए कि मैं शाकाहारी हूं, मेरे लिए विशेष व्यंजन तैयार करते। ऐसे छोटे-छोटे भावुक स्पर्शों ने मेरे हृदय पर गहरी छाप छोड़ी, यह सिखाते हुए कि सच्चा प्रेम अक्सर संवेदनशीलता में छिपा होता है। मैं समझती हूं ज्यादातर लोगों के पास ऐसी सुंदर स्मृतियां हैं।

**बड़ा** होते-होते मैंने सोचा कि शायद यह मासूमियत सिर्फ़ बचपन तक ही सीमित है। लेकिन जीवन ने बार-बार मुझे गलत साबित किया। परीक्षा की तैयारी के दौरान, दूसरे धर्म का एक साथी लगातार मेरी मदद करता रहा—इंटरव्यू की प्रैक्टिस करवाई, उत्साह दिया, चिंताएं और उम्मीदें साझा कीं। हमारी चर्चाएं कभी भिन्नताओं पर नहीं रुकतीं, बल्कि देश की सेवा करने के साझा सपनों पर केंद्रित रहतीं।

**सिविल** सर्विसेज में आने के बाद जब मैंने दूसरे धर्म के एक व्यक्ति को ड्राइवर के रूप में रखा, तो पहले मन में हिचकिचाहट आई। लेकिन वर्षों में वह सिर्फ़ कर्मचारी नहीं रहे— वे अब परिवार हैं। मैं उसकी शादी में शामिल हुई, जहां मुझे अपनेपन से गले लगाया गया। यहां तक कि गणेश महोत्सव के दौरान, उसने पूजा की तैयारियों में मदद की — फूल लाए और भक्ति से भाग लिया। उसके कार्यों ने मुझे साम्प्रदायिक सौहार्द्र के बारे में किसी भी उपदेश से कहीं ज़्यादा सिखाया। मैंने मुंबई में गणेश महोत्सव के दौरान बहुत से दूसरे धर्म के लोगों को सक्रिय भाग लेते देखा, सुना और पढा है।

**अपने** पेशेवर जीवन में भी मैंने सौहार्द्र को खिलते देखा। अलग-अलग धर्मों के सहयोगियों ने त्योहारों पर मुझे अपने घर बुलाया। उन डाइनिंग टेबलों पर—चाहे दीपावली हो, ईद, क्रिसमस या गुरुपुरब—लोग हंसते, भोजन बांटते और आशीर्वादों का आदान-प्रदान करते। वहां धर्म पृष्ठभूमि में धुंधला जाता, और बचा रहता केवल दोस्ताना रिश्ता।

**ये** अनुभव मुझे बार-बार पूछने पर मजबूर करते हैं: जब हमारे रोज़मर्रा के जीवन में इतनी सामंजस्यता है, तो फिर भय और संदेह क्यों घुसपैठ करते हैं? हम दूसरों को उनके पहनावे, खाने या प्रार्थना करने के तरीक़े से क्यों आंकते हैं? क्या आस्था को व्यक्तिगत मार्गदर्शक नहीं होना चाहिए, दीवार नहीं?

**एक** पत्रकार ने मुझसे कहा था: "अगर आप सच्चाई से अपने आसपास के लोगों को खोजो, तो मुश्किल से ही कोई बुरा इंसान मिलेगा।" उनके शब्द मेरे भीतर सच की तरह उतरे। हमारी अधिकांश आशंकाएं जीए हुए अनुभवों से नहीं, बल्कि उन कथाओं से जन्म लेती हैं, जो संघर्ष को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाती हैं और चुपचाप बिखरी हुई अनगिनत भाईचारे की कहानियों को दबा देती हैं।

**निस्संदेह,** यहां चुनौतियां मौजूद हैं। कभी-कभी आस्था का दुरुपयोग हिंसा को उचित ठहराने के लिए किया जाता है, जो समाज पर गहरे घाव छोड़ता है। लेकिन ऐसे कार्य अपवाद हैं, धर्म का सार नहीं। जैसा कि रूमी ने खूबसूरती से कहा: "दीपक अलग-अलग हैं, पर प्रकाश एक ही है।" मूल रूप से हर धर्म करुणा और शांति की ही बात करता है।

**जब** मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो पाती हूं कि सौहार्द्र कोई अमूर्त चीज़ नहीं है, जो भाषणों या पुस्तकों में हो—यह तो हर रोज़ के छोटे-छोटे भावों में जीता है। उस शाकाहारी व्यंजन में, जो ईद पर मेरे लिए तैयार किया गया। उस हंसी में, जो सहयोगियों के साथ त्योहारों की मिठाइयां बांटते हुए गूंजी। उस श्रद्धा में, जो मेरे ड्राइवर ने गणेश महोत्सव में दिखाई, जैसे मैंने उसकी परंपराओं का सम्मान किया।

**मैं** समझती हूं कि सभी सीमाओं से परे, हम वही हवा सांस लेते हैं, उसी धरती पर चलते हैं और उसी भविष्य को साझा करते हैं। जब हम इस सत्य को थाम लेते हैं, तो कोई भी दीवार टिक नहीं सकती। साम्प्रदायिक सौहार्द्र कोई स्वप्न नहीं है—यह पहले से ही यहां है, जीवित है उन रोज़मर्रा के दयालु और आदरपूर्ण कर्मों में, जो हमें सचमुच इंसान बनाते हैं। जो लोग समझते हैं कि साम्प्रदायिक सौहार्द्र नहीं है, वे भोले लोग हैं, जो सुनी सुनाई बातें, झूठे प्रचार के शिकंजे में हैं। भारत के समाज को नजदीक से देखने पर हमें प्रेम और बंधुत्व ही नजर आता है। इस प्रेम और बंधुत्व को बनाए रखना, इसे समृद्ध करना ही सभी धर्मों का मूल है।

जीवन मंत्र

## सत्य तभी प्रकट होता है, जब मन निर्मल और निडर हो

निडरता सत्य तक पहुँचने का दूसरा आवश्यक गुण है। बहुत बार हम सत्य जानते हैं, लेकिन डर के कारण उसे व्यक्त नहीं कर पाते। डर हमें कमजोर बनाता है और झूठ का सहारा लेने पर मजबूर करता है।

सत्य जीवन का आधार है, लेकिन हर कोई इसे तुरंत नहीं देख पाता। झूठ, भय और स्वार्थ की परतें अक्सर सत्य को ढक देती हैं। जब मन लोभ, ईर्ष्या और संकीर्ण विचारों से भरा हो, तो सत्य की पहचान कर पाना कठिन हो जाता है। यह बिल्कुल वैसे है जैसे धूल से ढके दर्पण में अपनी छवि साफ़ दिखाई नहीं देती। जब तक हम अपने मन को इन विकारों से मुक्त नहीं करेंगे, तब तक सत्य हमारे सामने नहीं आ पाएगा।

निर्मल मन का अर्थ है—साफ़ और सच्चा मन। जब कोई व्यक्ति निष्कपट होकर सोचता है, दूसरों का भला चाहता है और अपने विचारों में ईमानदारी रखता है, तब उसका मन निर्मल माना जाता है। ऐसे मन में स्वार्थ और छल-कपट की जगह नहीं होती। निर्मलता के बिना सत्य का प्रकाश दिखाई नहीं दे सकता, क्योंकि सत्य हमेशा पवित्रता और सादगी में ही प्रकट होता है।



निडरता सत्य तक पहुँचने का दूसरा आवश्यक गुण है। बहुत बार हम सत्य जानते हैं, लेकिन डर के कारण उसे व्यक्त नहीं कर पाते। डर हमें कमजोर बनाता है और झूठ का सहारा लेने पर मजबूर करता है। जब तक हम भय से मुक्त नहीं होंगे, तब तक सत्य को जी नहीं पाएंगे। निडर व्यक्ति ही सच्चाई का सामना करने का साहस जुटा सकता है और कठिन परिस्थितियों में भी सत्य का मार्ग चुन सकता है।

निर्मलता और निडरता का मेल ही सत्य की ओर ले जाता है। यदि मन निर्मल है लेकिन उसमें डर है, तो सत्य अधूरा रह जाएगा। इसी तरह, यदि मन निडर है लेकिन शुद्ध नहीं, तो सत्य विकृत हो जाएगा। इसलिए दोनों गुणों का संतुलन आवश्यक है। जब मन स्वच्छ होता है और हृदय साहस से भरा होता है, तब सत्य स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है, और व्यक्ति अपने जीवन में सही निर्णय ले पाता है।

इसलिए यह कथन हमें यह प्रेरणा देता है कि हमें अपने भीतर की नकारात्मकता को त्यागकर आत्मा को निर्मल बनाना चाहिए और हर परिस्थिति में सत्य बोलने और स्वीकार करने का साहस रखना चाहिए। यही वह मार्ग है जिससे व्यक्ति अपने जीवन को सफल, सार्थक और उज्ज्वल बना सकता है। सत्य केवल बाहरी दुनिया का नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मज्ञान का भी द्वार खोलता है।

शख्सियत

## डॉ. राम मनोहर लोहिया

### समाजवादी चिंतन के प्रखर पुजारी



डॉ. राम मनोहर लोहिया भारतीय राजनीति और समाजवादी आंदोलन के ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत में सामाजिक न्याय की लड़ाई तक अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जन्म 16 सितंबर 1910 को उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अब अयोध्या) जिले के अकबरपुर कस्बे में हुआ। लोहिया ने प्रारंभिक शिक्षा वाराणसी और कोलकाता में प्राप्त की तथा आगे की पढ़ाई के लिए जर्मनी गए, जहां उन्होंने 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' की उपाधि हासिल की। उनका शोधप्रबंध ₹भारत का नमक कर₹ था, जो ब्रिटिश उपनिवेशवाद की शोषणकारी नीतियों का गहरा विश्लेषण था।

डॉ. राम मनोहर लोहिया भारतीय राजनीति और समाजवादी आंदोलन के ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत में सामाजिक न्याय की लड़ाई तक अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जन्म 16 सितंबर 1910 को उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अब अयोध्या) जिले के अकबरपुर कस्बे में हुआ। लोहिया ने प्रारंभिक शिक्षा वाराणसी और कोलकाता में प्राप्त की तथा आगे की पढ़ाई के लिए जर्मनी गए, जहां उन्होंने 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' की उपाधि हासिल की। उनका शोधप्रबंध ₹भारत का नमक कर₹ था, जो ब्रिटिश उपनिवेशवाद की शोषणकारी नीतियों का गहरा विश्लेषण था। लोहिया महात्मा गांधी से गहराई से प्रभावित थे। उन्होंने 1934 में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध असहयोग और आंदोलन की राह चुनी। 'भारत छोड़ो आंदोलन' (1942) में वे भूमिगत रहकर सक्रिय रहे और क्रांतिकारी गतिविधियों से ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी। उनकी लेखनी और भाषण युवाओं को उत्साहित करने का स्रोत बने। स्वतंत्रता के बाद लोहिया ने कांग्रेस की नीतियों की आलोचना की और एक सशक्त विपक्ष के रूप में समाजवादी धारा को आगे बढ़ाया। उन्होंने 'सात सामाजिक अन्याय' की अवधारणा दी, जिसमें जाति, लैंगिक भेदभाव, आर्थिक विषमता और भाषाई असमानताओं के खिलाफ संघर्ष का आह्वान किया। वे महिलाओं की समानता, पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व और किसानों-मजदूरों की उन्नति के लिए निरंतर आवाज़ उठाते रहे। डॉ. लोहिया ने 'अंग्रेज़ी हटाओ' अभियान चलाया और भारतीय भाषाओं के प्रयोग पर जोर दिया। वे मानते थे कि लोकतंत्र तभी सशक्त हो सकता है जब समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समान अवसर और अधिकार पहुंचे। उनकी राजनीति सत्ता की लालसा से नहीं, बल्कि परिवर्तन के संकल्प से प्रेरित थी। लोहिया ने कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने विपक्ष की भूमिका निभाते हुए संसद में निर्भीकता से सरकार को कठघरे में खड़ा किया। वे कहते थे कि "सच्चा लोकतंत्र तभी संभव है जब राजनीति में नैतिकता और ईमानदारी सर्वोपरि हो।" 12 अक्टूबर 1967 को उनका निधन हो गया, किंतु उनकी विचारधारा आज भी भारतीय राजनीति और सामाजिक आंदोलनों की प्रेरणा बनी हुई है। वे केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाले चिंतक थे। डॉ. राम मनोहर लोहिया का जीवन संघर्ष, आदर्श और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। वे भारतीय राजनीति में वैकल्पिक सोच और असमानताओं के विरुद्ध संघर्ष के अमर सेनानी के रूप में सदैव याद किए जाएंगे।

▸ प्रियंका शाह

जीवन ऊर्जा

श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' : जन्म-16 सितम्बर 1893 — जन्म

## जो डर को जीत लेता है, वही इतिहास रचता है

श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' (16 सितम्बर 1893 - 10 अगस्त 1977 ) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक सेनानी, पत्रकार, समाजसेवी एवं अध्यापक थे। भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान उत्प्रेरक झण्डा गीत (विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा) की रचना के लिये वे इतिहास में सदैव याद किये जायेंगे।

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु अक्सर बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होता है। डर वही आंतरिक बाधा है, जो हमें हमारे लक्ष्यों तक पहुँचने से रोकती है। डर हमें प्रयास करने से पहले ही हार मानने पर मजबूर कर देता है। जब इंसान डर को अपने ऊपर हावी होने देता है, तो उसकी प्रतिभा और क्षमताएँ दब जाती हैं। इसलिए जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे पहले अपने डर पर विजय पाना ज़रूरी है।

डर को जीतने वाले लोग कभी साधारण नहीं रहते। इतिहास के पन्नों में वही लोग अमर हो पाते हैं जिन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना बिना भय के किया। चाहे वह स्वतंत्रता सेनानी हों, वैज्ञानिक हों या समाज सुधारक—इन



सबमें एक बात समान थी, और वह थी साहस। उन्होंने डर की जंजीरों को तोड़ा और असंभव लगने वाले कामों को संभव कर दिखाया। डर जीतने का अर्थ यह नहीं कि हमें डर महसूस नहीं होगा, बल्कि यह कि हम डर के बावजूद सही कदम उठाएँ।

साहस उसी को कहते हैं—भय के होते हुए भी कर्म करना। जब हम अपने डर का सामना करते हैं, तब आत्मविश्वास बढ़ता है और नई राहें खुलती हैं। यह अनुभव हमें और मज़बूत बनाता है, और यही शक्ति हमें महान उपलब्धियों की ओर ले जाती है। जीवन में कई बार ऐसे मौके आते हैं जब असफलता का भय, लोगों की आलोचना का डर या भविष्य की अनिश्चितता हमें रोकने लगती है। यदि हम इन डर को मान लेंगे, तो कभी अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाएँगे। लेकिन जैसे ही हम एक कदम साहस के साथ बढ़ाते हैं, वैसे ही नई ऊर्जा मिलती है और कठिनाइयाँ छोटी लगने लगती हैं। डर को जीतना ही आत्मविकास और सफलता का पहला कदम है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## भागवत कथा सुनने से आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है

ब महात्मा गोकर्ण जी ने महाप्रेत धुंधुकारी के उद्धार के लिए श्रीमद्भागवत की कथा सुनायी थी तब धुंधुकारी के बैठने के लिए कोई बांस की अलग से व्यवस्था नहीं की थी, बल्कि उसके बैठने के लिए एक सामान्य आसन ही बिछाया गया था। महात्मा गोकर्ण जी ने धुंधुकारी का आह्वान किया और कहा भैया धुंधुकारी आप जहाँ कहीं भी हों आकरके इस आसन पर बैठ जाईए। यह भागवत जी की परम् पवित्र कथा विशेषकर तेरे लिए ही हो रही है। इसको सुनकर तुम इस प्रेत योनि से मुक्त हो जाओगे। अब



धुंधुकारी का कोई शरीर तो था नहीं। जो आसन पर स्थिर रहकर भागवत जी की कथा सुन पाते। वह जब जब आसन पर बैठने लगता हवा का कोई झोंका आता और उसे कहीं दूर उड़ाकर ले जाता। ऐसा उसके साथ बार-बार हुआ।

वह सोचने लगा कि ऐसा क्या किया जाये कि मुझे हवा उड़ा ना पाए और मैं सात दिन तक एक स्थान पर बैठकर भागवत जी की मंगलमयी कथा सुन पाऊँ। जिससे मेरा उद्धार हो जाये और मेरी मुक्ति हो जाये। वह सोचने लगा कि मेरे तो अब माता-पिता भी नहीं हैं, जिनके भीतर प्रवेश करके या उनके माध्यम से मैं कथा सुन पाता वो भी मेरे ही कारण मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। मेरे परिवार का तो कोई सदस्य भी नहीं बचा, जिनके माध्यम से मैं भागवत जी की मोक्षदायिनी कथा सुन पाऊँ।

अब तो सिर्फ मेरे सौतेले भाई महात्मा गोकर्ण ही बचे हैं, जिनका जन्म गऊ माता के गर्भ से हुआ है, लेकिन उनके अन्दर मैं कैसे प्रवेश कर सकता हूँ। क्योंकि वो तो पवित्र व्यास पीठ पर बैठकर मुझे परमात्मा की अमृतमयी कथा सुनाने के लिए उपस्थित हैं। वह धुंधुकारी महाप्रेत ऐसा विचार कर ही रहा था कि उसने देखा जहाँ व्यास मंच बना हुआ है। वहाँ बांस का एक बगीचा भी है और उसकी नजर एक सात पोरी के बांस पर पड़ी। यह सोचकर कि बांस में हवा का प्रकोप नहीं होगा। सो वह बांस के अन्दर प्रवेश कर गया और बांस की पहली पोरी में जाकर बैठ गया।

पहले दिन की कथा के प्रभाव से बांस की पहली पोरी चटक गयी। धुंधुकारी दूसरी पोरी में जाकर बैठ गया। दूसरे दिन की कथा के प्रभाव से दूसरी पोरी चटक गयी। धुंधुकारी तीसरी पोरी में जाकर बैठ गया। ऐसे ही प्रतिदिन की कथा के प्रभाव से क्रमशः बांस की एक-एक पोरी चटकती चली गयी। और जब अन्तिम सातवें दिन की कथा चल रही थी तो धुंधुकारी महाप्रेत भी अन्तिम सातवीं पोरी में ही बैठा हुआ था।

अब जैसे ही अन्तिम सातवें दिन भागवत जी की कथा का पूर्ण विश्राम हुआ तो बांस बीच में से दो फाड़ हो गया और धुंधुकारी महाप्रेत देवताओं के समान शरीर धारण करके प्रकट हो गया। उसने हाथ जोड़कर बड़े ही विनय भाव से महात्मा गोकर्ण जी का धन्यवाद किया और कहा भैया जी मैं आपका शुक्रिया किन शब्दों में करुँ। मेरे पास तो शब्द भी नहीं हैं आपने जो परमात्मा की मंगलमयी पवित्र कथा सुनाई देखो उस महाभयंकर महाप्रेत योनि से मैं मुक्त हो गया हूँ।

और मुझे अब देव योनि प्राप्त हो गयी है आपको मेरा बारंबार प्रणाम तभी सबके देखते-देखते धुंधुकारी के लिए भगवान के धाम से सुन्दर विमान आया और धुंधुकारी विमान में बैठकर भगवान के धाम को चले गए। सही मायने में सात पोरी का बांस और कुछ नहीं हमारा अपना शरीर ही है। हमारे शरीर में मुख्य सात चक्र हैं।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

## अपने विचार

पूर्णिया के लिए चुनाव पूर्व लिया हर संकल्प को ससमय पूर्ण करना परम लक्ष्य था जो पूरा हुआ। आज से पूर्णिया आसमान में उड़ान भरेगा, विकास की नई गाथा रचेगा।

**-पप्पू यादव**, नेता, कांग्रेस

प्रधानमंत्री जी को याद है उन्होंने 11.5 वर्ष पूर्व इसी पूर्णिया जिला से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था? क्या हुआ उस जुबान का? क्या वे फिर चुनाव पूर्व बिहारवासियों को ऐसे ही झूठ और जुमले बेचने आ रहे है?

**-तेजस्वी यादव**, नेता,जेडीयू

अब जब सरहद पर जवान बेटे शहीद होंगे, बूढ़े मां बाप जवान बेटे की अस्थियां बहाएंगे, भाजपा सरकार कहेगी- चिंता मत करो देशवासियों, हम अगले मैच में बदला लेंगे। शर्म करो, डूब मरो।

**-सौरभ भारद्वाज**, नेता, आप पार्टी

भविष्य में विशिष्ट आंतरिक उद्देश्यों के लिए होने वाले आंदोलनों पर अंकुश लगाने के लिए इस अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर दिशानिर्देश तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

**-अमित शाह**, गृहमंत्री, भारत सरकार

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### भिवंडी कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त प्रभारी राजेश शर्मा का स्वागत



भिवंडी। भिवंडी जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में नवनियुक्त प्रभारी राजेश शर्मा का स्वागत जिला अध्यक्ष राशिद ताहिर मोमिन ने किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह के बाद मोमिन ने कार्यकर्ताओं से आगामी महानगरपालिका चुनाव को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं, राजेश शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरें और भिवंडी में कांग्रेस का महापौर बनाएं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुरेश तावरे, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी अग्रवाल, प्रदेश महासचिव डॉ. नूर अंसारी, नगरसेवक शकील पापा समेत अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि आगामी चुनाव में कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी और शहर में कांग्रेस का महापौर बनाएगी।

### जितिया व्रत पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



भिवंडी। भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा, भिवंडी शहर जिल्हा अध्यक्ष मंगेश यादव के नेतृत्व में जितिया व्रत के पावन पर्व पर तीसरे वर्ष भी दिव्य और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उद्योगपति सुजीत सिंह, रमाकांत पांडा, एडवोकेट संजय श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल सिंह, भाजपा शहर अध्यक्ष रविकांत सावंत सहित कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। सैकड़ों मातृशक्तियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ व्रत एवं पूजन कर भगवान जीवित पुत्रिका का आशीर्वाद प्राप्त किया। माई म्यूजिक एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्ति और उत्साह से भर दिया। यह वार्षिक आयोजन मातृत्व और संतान-कल्याण की परंपरा को जीवंत करने के साथ सांस्कृतिक एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश भी देता है, जिसमें भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा की टीम के साथ जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट, अटल सेवा फाउंडेशन और नरेश झा फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा।

# मध्य रेल पर पहला 'कवच' प्रशिक्षण केंद्र संचालित

**डीबीडी संवाददाता । सोलापुर**

मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना ने 14 सितंबर 2025 को सोलापुर मंडल में "कवच" प्रणाली के सफल लोको परीक्षणों का नेतृत्व किया। ढवलस और भालवनी स्टेशनों के बीच 26 किलोमीटर क्षेत्र में किया गया यह परीक्षण मध्य रेल पर पहला कवच परीक्षण है, जो रेलवे संरक्षा बढ़ाने और सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।




### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

इस परीक्षण के दौरान मध्य रेल के प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर मनिंदर सिंह उप्पल, सोलापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डॉ. सुजीत मिश्रा सहित मुख्यालय और मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने इस उपलब्धि को रेलवे की सुरक्षा प्रणाली में मील का पत्थर बताया।

### स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली

कवच भारतीय रेल की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली है, जिसे SPAD, ओवरस्पीडिंग और टकराव जैसी घटनाओं को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह रेडियो लिंक के जरिए स्टेशन उपकरणों और ऑन-बोर्ड इकाइयों के बीच वास्तविक समय में सिग्नलिंग सूचना और लोकोमोटिव स्थान का आदान-प्रदान करती है, जिससे सुरक्षित और अधिक कुशल ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है।

### आधुनिक नियंत्रण केंद्र का शुभारंभ

4 सितंबर 2025 को भुसावल मंडल में मध्य रेल का पहला अत्याधुनिक एकीकृत कवच नियंत्रण केंद्र भी शुरू किया गया। यह सुविधा 134 स्थानों पर कवच प्रणाली की निगरानी करती है और उन्नत नेटवर्क मॉनिटरिंग सिस्टम (NMS) से लैस है। इससे न केवल संरक्षा उपाय मजबूत हुए हैं बल्कि परिचालन दक्षता और यात्री सुविधा भी बढ़ी है।

### प्रशिक्षण और सिमुलेशन लैब

कुर्दुवाड़ी में मध्य रेल का पहला कवच सिमुलेशन लैब और प्रशिक्षण केंद्र भी शुरू किया गया है। नए FAT सेटअप से लैस यह केंद्र कठोर प्रशिक्षण और उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाप्रबंधक ने यहाँ पुनर्निर्मित लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम, अल्ट्रा सोनिक फ्लॉलेस डिटेक्शन बिल्डिंग और उन्नत गैंग हट का भी निरीक्षण किया।

### कवच का तेज़ी से क्रियान्वयन

मध्य रेल कवच के क्रियान्वयन पर युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। 30 मार्च 2025 को निविदा मिलने के बाद सिर्फ छह महीने से भी कम समय में सोलापुर मंडल में सफल परीक्षण पूरे हुए। हाल ही में कल्याण इलेक्ट्रिक लोको शेड से कवच युक्त 50वें लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रेलवे बोर्ड ने पहले चरण में मध्य रेल के 730 लोकोमोटिव में कवच लगाने को मंजूरी दी है और फिटिंग का कार्य तेज़ी से जारी है।

### सुरक्षा विशेषताओं का परीक्षण

लोको परीक्षणों में कवच प्रणाली की अहम सुरक्षा विशेषताओं का परीक्षण किया गया, जिनमें स्टॉप सिग्नल पर SPAD (सिग्नल पास एट डेंजर) चेक, ब्लॉक सेक्शन SOS और स्टेशन मास्टर SOS जनरेशन, तथा टर्नआउट पर ओवरस्पीड रोकथाम शामिल रहे। इन सफल परीक्षणों ने प्रणाली की विश्वसनीयता को और मजबूत किया।

# मस्जिदों से लाउडस्पीकर न हटाने की मांग



**भिवंडी।** शहर की कई मस्जिदों के जिम्मेदारों और मौलानाओं ने संयुक्त रूप से भिवंडी जोन-2 के पुलिस उपायुक्त को पत्र सौंपा है, जिसमें मस्जिदों से लगे लाउडस्पीकर न हटाने की मांग की गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि लाउडस्पीकर केवल सीमित और आवश्यक धार्मिक उपयोग के लिए लगाए गए हैं और उनका इस्तेमाल अदालत द्वारा तय दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

### नियमों और अदालत के आदेशों का पालन

निवेदन में कहा गया कि ध्वनि प्रदूषण (नियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए तय सीमा का पालन मस्जिदों में हो रहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए बताया गया कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं है, बल्कि तय शर्तों और ध्वनि सीमा का पालन करना आवश्यक है। पत्र में यह भी जोड़ा गया कि बिना ध्वनि स्तर की आधिकारिक माप किए लाउडस्पीकर हटाना अनुचित और असंवैधानिक होगा। इस सामूहिक पत्र पर मौलाना फखरुद्दीन हशमती, तफ़फ़ज़ुल हुसैन, मुफ्ती तौफीक खान रज़वी, मुफ्ती नवाज़ शरीफ नूरी, मुफ्ती मुहम्मद इब्राहिम, मौलाना अबू तल्हा वस्ती, मौलाना अब्दुल रऊफ, सोहेल खान, जावेद अख्तर अंसारी किरण, रेहान विचू, खुर्शीद आलम अंसारी, मौलाना नसीर अहमद बरकाती समेत कई अन्य के हस्ताक्षर हैं।

# पश्चिम रेलवे में डिजिटल टिकटिंग सुविधा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने और यात्रियों को सुविधाजनक टिकटिंग विकल्प प्रदान करने के उद्देश्य से अपने नेटवर्क में आरक्षित और अनारक्षित दोनों टिकट बुकिंग काउंटरों पर डिजिटल भुगतान सुविधाओं की विस्तृत श्रृंखला लागू की है।

### स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन



उपनगरीय और गैर-उपनगरीय स्टेशनों पर पहले से मौजूद एटीवीएम को अब क्यूआर कोड भुगतान सुविधा से और उन्नत किया गया है। यात्री स्मार्ट कार्ड या यूपीआई ऐप से स्कैन कर तुरंत कैशलेस टिकट प्राप्त कर सकते हैं, जिससे पूरी तरह से स्व-सेवा टिकटिंग अनुभव मिलता है। विनीत अभिषेक ने बताया कि ये सभी सुविधाएँ उपनगरीय और गैर-उपनगरीय स्टेशनों पर उपलब्ध हैं। यह पहल नकदी पर निर्भरता कम करने, कतार-मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने और यात्रियों को तेज़ व सुरक्षित टिकटिंग समाधान उपलब्ध कराने के साथ-साथ भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल को भी मज़बूती प्रदान करती है।

### यात्रियों के लिए आधुनिक डिजिटल विकल्प

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, आधुनिक डिजिटल प्रणालियों के एकीकरण ने टिकट बुकिंग को और अधिक आसान और सुलभ बना दिया है। यात्री अब मोबाइल ऐप, क्यूआर कोड-आधारित टिकटिंग और अन्य कैशलेस भुगतान विधियों से तुरंत टिकट प्राप्त कर सकते हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य सुरक्षित, त्वरित और परेशानी मुक्त लेनदेन उपलब्ध कराना है।

### यूपीआई भुगतान और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप

सभी पीआरएस और यूटीएस काउंटरों पर यूपीआई (VPA) भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। यात्री काउंटर पर अपना यूपीआई पता साझा कर कुछ ही सेकंड में भुगतान पूरा कर सकते हैं। वहीं, यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से अनारक्षित और सीज़न टिकट सीधे स्मार्टफोन से बुक किए जा सकते हैं। इसमें पेपर और पेपरलेस दोनों विकल्प उपलब्ध हैं।

### क्यूआर कोड और पीओएस मशीनें

पश्चिम रेलवे के 1137 टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड उपकरण लगाए गए हैं, जिनसे यात्री किसी भी यूपीआई ऐप से स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा, पीओएस मशीनों की मदद से डेबिट या क्रेडिट कार्ड द्वारा भी आसानी से भुगतान संभव है।

### 400 घरेलू गणपति स्थापित करने वालों को किया गया पुरस्कृत



भिवंडी। स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा आयोजित स्वाभिमान श्री गणेश दर्शन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह पद्मानगर स्थित पद्मशाली समाज हॉल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें संयुक्त मित्र मंडल गौरीपाड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21,000 रुपए का नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह हासिल किया। कार्यक्रम में शिवसेना, भाजपा, राकांपा, आरएसएस और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मंडलों और घरेलू गणेश प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से पिछले 22 वर्षों से मंडल छोटे मंडलों और घरेलू गणेश सजावट को प्रोत्साहित कर रहा है, जिसमें इस वर्ष करीब 400 घरेलू गणेश उत्सवों को उपहार दिए गए और तीन प्रभागीय-स्तरीय प्रतियोगिताओं में शीर्ष 21 परिवारों को भी पुरस्कृत किया गया। मंडल पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों की मेहनत से आयोजित तीन घंटे लंबे इस भव्य कार्यक्रम का संचालन मानसी राजे और संस्था प्रवक्ता संजय भोईर ने किया।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी आठ जोड़ी त्यौहार स्पेशल ट्रेन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के त्यौहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस-बरौनी, बांद्रा टर्मिनस-रीवा, उधना-बरौनी, उधना-बलिया, उधना-जयनगर, उधना-समस्तीपुर, गांधीधाम-सियालदह और भावनगर-शकुर बस्ती स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर त्यौहार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### बांद्रा टर्मिनस-रीवा अनारक्षित विशेष (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस-रीवा विशेष ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 04.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.45 बजे रीवा पहुँचेगी। यह ट्रेन 18 सितंबर से 27 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09030 रीवा-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को रीवा से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 19 सितंबर से 28 नवंबर 2025 तक चलेगी. यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, मदन महल, कटनी, मैहर और सतना स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

### उधना - बरौनी स्पेशल (द्विसाप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09033 उधना – बरौनी स्पेशल प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को उधना से 20:35 बजे प्रस्थान करेगी और क्रमश: गुरुवार और सोमवार को 05:00 बजे बरौनी पहुँचेगी। यह ट्रेन 20 सितंबर से 07 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09034 बरौनी- उधना स्पेशल प्रत्येक गुरुवार और सोमवार को बरौनी से 06:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:00 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 सितंबर से 09 अक्टूबर 2025 तक चलेगी. यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर और शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर कोच होंगे।



### उधना - जयनगर स्पेशल (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09067 उधना – जयनगर स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 12:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20:30 बजे जयनगर पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09068 जयनगर – उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को जयनगर से 23:30 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 12:30 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर , दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेगी।

### समस्तीपुर स्पेशल (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09069 उधना – समस्तीपुर स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 20:35 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 02:00 बजे समस्तीपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 21 सितंबर से 05 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09070 समस्तीपुर – उधना स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को समस्तीपुर से 05:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:00 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 सितंबर से 07 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर और एसी -3 टियर (इकोनॉमी)कोच होंगे।

### बांद्रा टर्मिनस-बरौनी स्पेशल (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09061 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी स्पेशल प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.20 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 19.15 बजे बरौनी पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09062 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बरौनी से 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को 06.30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 25 सितंबर से 09 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर और शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

### उधना-बलिया स्पेशल (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09041 उधना – बलिया स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 06:40 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20:15 बजे बलिया पहुंचेगी। यह ट्रेन 25 सितंबर से 09 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09042 बलिया-उधना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 23:30 बजे बलिया से प्रस्थान करेगी और रविवार को 12.45 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 26 सितंबर से 10 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सूरत, भरूच, विश्वामित्री, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्ज़ापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर, औंडिहार और ग़ाज़ीपुर सिटी स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी-3 टियर कोच होंगे।

### गांधीधाम-सियालदह सुपरफास्ट स्पेशल (साप्ताहिक)

ट्रेन संख्या 09437 गांधीधाम – सियालदह सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 18:25 बजे गांधीधाम से प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 16.15 बजे सियालदह पहुंचेगी। यह ट्रेन 17 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09438 सियालदह-गांधीधाम सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शनिवार 05:15 बजे सियालदह से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 02:00 बजे गांधीधाम पहुँचेगी। यह ट्रेन 20 सितंबर से 11 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सामाख्याली, ध्रांगध्रा, अहमदाबाद, छायापुरी, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशनों पर रुकेगी।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

**वृष** मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

**मिथुन** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क** मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**कन्या** शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**तुला** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**वृश्चिक** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

**धनु** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

# जन्मकुंडली और बारह भावों का अद्भुत रहस्य

शुभ और पाप ग्रहों का स्वभाव भी कुंडली पर गहरी छाप छोड़ता है। सूर्य, मंगल, शनि और राहु को अधिक पापी और क्रूर माना गया है। ये ग्रह यदि नीच राशि या शत्रु भाव में चले जाएं, तो और भी अधिक अशुभ फल देने लगते हैं। वहीं चंद्र, बुध, गुरु और शुक्र को शुभ ग्रह माना गया है, जो अपनी मित्र या उच्च राशि में बैठकर अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होते हैं।




राहु और केतु का प्रभाव बड़ा विचित्र होता है। यह जिस भाव में होते हैं, उस भाव के स्वामी के अनुसार ही शुभ-अशुभ फल देते हैं। राहु यदि तीसरे, छठे या नवें भाव में हो, तो जातक को अचानक धनलाभ होता है और हानि से भी बचाव होता है। राहु में शनि के आधे गुण और केतु में मंगल के आधे गुण होते हैं। यही कारण है कि ये छाया ग्रह जीवन में अप्रत्याशित परिणाम देते हैं।

कुछ ग्रहों के विशेष स्थान भी चमत्कारिक माने जाते हैं। गुरु छठे भाव में हो तो शत्रुओं का नाश करता है, शनि अष्टम में हो तो आयु बढ़ाता है। सूर्य और मंगल यदि दशम भाव में हों तो भाग्य का विस्तार करते हैं। चंद्र और शुक्र चौथे भाव में बैठकर धन और संपत्ति बढ़ाते हैं।




प्रियंका जैन
9769994439

परंतु हर नियम का अपवाद भी है। यदि किसी भाव का कारक ग्रह अकेला उसी भाव में हो और उस पर किसी अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि न हो, तो वह उस भाव का सुख कम कर देता है। उदाहरण के लिए, सूर्य यदि अकेला प्रथम भाव में हो तो जातक की आंखों और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। नवम भाव में अकेला सूर्य भाग्य को कमजोर करता है और दशम भाव में अकेला सूर्य व्यवसाय को प्रभावित करता है। लेकिन यदि इन पर गुरु या अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि हो, तो हानि दूर होकर लाभ में बदल जाती है। यही सिद्धांत अन्य भावों के कारक ग्रहों पर भी लागू होता है। ज्योतिष में प्रत्येक ग्रह विशेष कारकत्व रखता है। सूर्य पिता, स्वास्थ्य और तेजस्विता का कारक है। चंद्रमा माता, मन और सौम्यता का द्योतक है। मंगल भाई, भूमि और पराक्रम से जुड़ा है। बुध बुद्धि, वाणी और व्यापार का कारक है। गुरु विद्या, धर्म और संतान का प्रतिनिधि है। शुक्र स्त्री, सौंदर्य और भोग-विलास का कारक है। शनि दुख, पीड़ा और आयु से संबंधित है। राहु अचानक लाभ-हानि और राजनीति का कारक है, जबकि केतु तंत्र विद्या, गुप्त शक्तियों और आध्यात्मिकता से जुड़ा माना जाता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नन्हीं परी गैंगरेप मर्डर केस: 11 साल बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट से बरी

पिथौरागढ़ः कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने सोमवार को पिथौरागढ में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने 'नन्ही परी' रेप और मर्डर केस में आरोपी के सुप्रीम कोर्ट से बरी होने से सवाल खड़े किए। इसके लिए प्रदीप टम्टा ने राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। प्रदीप टम्टा का आरोप है कि जिस व्यक्ति को निचली अदालत और हाईकोर्ट ने सजा दी है, वो सुप्रीम कोर्ट से कैसे बरी हो गया? प्रदीप टम्टा ने राज्य सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में ठोस तरीके से पैरवी नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस वकील को सरकार की ओर से पैरवी के लिए रखा गया था, उसको नन्हीं परी के बारे में कोई जानकारी तक नहीं है। नन्ही परी के परिजनों को सुप्रीम कोर्ट में केस तक की जानकारी नहीं दी गई।

### झारखंड में आंदोलन की राह पर सरकारी कर्मचारी!

रांचीः झारखंड में कार्यरत कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 साल करने की मांग तेज हो गई है। इस मांग को मनवाने के लिए कर्मचारियों ने झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इम्पाई फेडरेशन के बैनर तले 20 सितंबर को कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन बुलाया है। यह महासम्मेलन रांची स्थित जिला स्कूल मैदान में आयोजित होगा, जिसमें राज्य भर से करीब 50 हजार सरकारी कर्मी शामिल होंगे। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इम्पाई फेडरेशन यानी झारोटेफ के कर्मचारी संकल्प महासम्मेलन में सरकार के समक्ष 11 सूत्री मांगे रखी जाएगी। प्रमुख मांगों में अन्य राज्य कर्मियों की तरह शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ, केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ, राज्य कर्मियों की एनपीएस में जमा राशि को वापस लाने के लिए कदम उठाने, राज्य प्रशासनिक सेवा की सीमित परीक्षा में समस्त राज्य कर्मियों को बैठने का अवसर देना शामिल है।

### पटना में मिला मेड इन यूएसए लिखा 3 पिस्टल

पटना : अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने में पटना पुलिस लगातार सक्रिय दिखाई दे रही है। राजधानी में बीते 24 घंटे के भीतर पुलिस ने दो बड़ी कार्रवाइयां की है। एक तरफ जहां पंजाब से अवैध हथियार लेकर बिहार में सप्लाई करने आए तस्कर को दबोच लिया, वहीं दूसरी ओर कुख्यात और मोस्ट वांटेड अपराधी सूरज उर्फ भैंसिया को मुंबई के ठाणे से गिरफ्तार कर पटना ले आई है। इन दोनों मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पटना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत बाड़े की गली स्थित एक गेस्ट हाउस में एक संदिग्ध व्यक्ति ठहरा हुआ है, जो हथियारों की सप्लाई में शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी की और मौके से पंजाब के फतेहगढ़ कठुनंगन जिला अमृतसर निवासी जयकरण प्रीत सिंह को दबोच लिया।

# पीएम मोदी ने पूर्णिया एयरपोर्ट का किया शुभारंभ

एजेंसी | पूर्णिया

कई दशकों के लंबे इंतजार के बाद बिहार के सीमांचल के प्रमुख शहर पूर्णिया को एयरपोर्ट की सौगात मिल गई। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में इस नव निर्मित एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यह बिहार का चौथा ऑपरेशनल एयरपोर्ट है। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, चिराग पासवान, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा ललन सिंह समेत कई केंद्रीय और राज्य स्तरीय मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एयरपोर्ट के शुरू हो जाने से न केवल सीमांचल बल्कि पूरे पूर्वोत्तर बिहार के लोगों को हवाई सेवा का बड़ा लाभ मिलेगा। इससे सीमांचल के विकास को नई गति मिलेगी। पीएम पूर्णिया से 40 हजार करोड़ से अधिक की सौगात दी।




### ऐतिहासिक कदम : पीएम मोदी

उद्घाटन के बात पीएम मोदी देश के विकास के में एयरपोर्ट की भूमिका रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बिहार में हवाई संपर्क को लेकर लंबे समय से मांग उठती रही है और पूर्णिया एयरपोर्ट का शुरू होना इस दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि इस एयरपोर्ट से रोजगार, व्यापार और पर्यटन की नई संभावनाएं पैदा होंगी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान बिहार की जनता को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में केंद्र सरकार राज्य को और भी कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात देगी।

### दिल्ली, कोलकाता और गुवाहाटी के लिए सीधी उड़ानें

पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण विश्व की आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए कराया गया है। पूर्णिया एयरपोर्ट पर एक साथ कई विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा उपलब्ध होगी। धीरे धीरे सारी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग, वेटिंग लाउंज, सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। फिलहाल यहां से दिल्ली, कोलकाता और गुवाहाटी के लिए सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी। धीरे-धीरे अन्य महानगरों को भी जोड़ा जाएगा।

# बाहुबली सपा विधायक रमाकांत यादव को 1 साल की कैद की सजा

एजेंसी | आजमगढ़।

आजमगढ़ की एमपी-एमएलए स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बाहुबली पूर्व सांसद और सपा विधायक रमाकांत यादव को एक साल का सश्रम कारावास और 3800 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने यह फैसला दीदारगंज थाने के सामने चक्का जाम कर सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 6 अप्रैल 2006 को रमाकांत यादव अपने



200-250 समर्थकों के साथ दीदारगंज थाने पहुंचे थे। उन्होंने थाना प्रभारी से अपने एक समर्थक को छुड़ाने का दबाव बनाया। जब उनकी बात नहीं मानी गई, तो उन्होंने खेता सराय मार्ग पर चक्का जाम कर सरकारी कार्य में बाधा डाली। इसके बाद पुलिस ने जांच कर रमाकांत समेत तीन लोगों पर चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल छह गवाह पेश किए। वहीं, दो अन्य आरोपियों की मृत्यु हो चुकी थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने रमाकांत यादव को सभी चार धाराओं में दोषी करार देते हुए अधिकतम एक वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

## रेलवे ट्रैक पर मिली दो सगी बहनों की लाश

मुजफ्फरपुरः बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर ओवरब्रिज के के पास ट्रेन से कटकर दो महिलाओं की मौत हो गई है। दोनों मृतक महिलाएं आपस में सगी बहन थीं और बैंक में कार्यरत थीं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि दोनों बहनों की दानापुर-मुजफ्फरपुर इंटरसिटी ट्रेन से गिरकर मौत हुई है। दोनों मृतक बहनों की पहचान श्वेता और श्रुची के रूप में हुई है। बड़ी बहन श्वेता मुजफ्फरपुर के केनरा बैंक में कार्यरत थी। छोटी बहन श्रुची स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) मुजफ्फरपुर में नौकरी करती थी। जानकारी के अनुसार दोनों बैंक पीओ के पद पर कार्यरत थीं।

## परिवहन विभाग से गायब हो गए 22 हजार बकायेदार

देहरादून। देहरादून संभाग में करीब 22 हजार कमर्शियल वाहनों के मालिक परिवहन विभाग को चूना लगा चुके हैं। इन वाहनों पर लगभग 50 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है। आरटीओ ने अब टैक्स वसूली के लिए अलग-अलग स्लैब बनाकर अभियान शुरू किया है। जांच में सामने आया कि कई वाहन 15 साल से अधिक पुराने और कबाड़ हो चुके हैं, लेकिन उनके मालिकों ने टैक्स नहीं चुकाया। देहरादून आरटीओ संदीप सैनी के अनुसार, बकायेदारों को एनओसी तब तक नहीं मिलेगी जब तक वे जुर्माने सहित पूरी राशि जमा नहीं करते। विभाग ने टैक्स रिकवरी सर्टिफिकेट भी काटे, लेकिन अधिकांश नोटिस वापस आ गए क्योंकि वाहन मालिक अब पंजीकृत पते पर रहते ही नहीं हैं। कई मामलों में मालिकों ने जानबूझकर गलत पते दर्ज कराए थे या उनकी मृत्यु हो चुकी है, जिससे टैक्स चोरी को बढ़ावा मिला। आरटीओ ने बताया कि 2012 से पहले, 2012 से 2022 तक और 2022 से अब तक के टैक्स बकायादारों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है। बड़े बकायादारों के घर विभाग की टीमें जाकर नोटिस दे रही हैं, जबकि फोन कॉल्स के जरिए भी वसूली की कोशिश हो रही है। जिन वाहनों का उपयोग बंद हो चुका है, उनके मालिकों को विभाग में अकाउंट बंद कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा टैक्स का बकाया चलता रहेगा।

## बिहार को मिली 2 नई अमृत भारत और एक वंदे भारत की सौगात

**सहरसा। सोमवार को यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सुपौल-सरायगढ़-झंझारपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-गोरखपुर-मुरादाबाद-अम्बाला कैंट के रास्ते सहरसा और छेहरटा अमृतसर के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गाड़ी संख्या 05531 सहरसा-छेहरटा अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। पूर्णिया में आयोजित समारोह में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए झंडी दिखाकर नई ट्रेन को रवाना किया। पूर्व निर्धारित समय 03.30 की जगह करीब सवा घंटे विलंब से शाम 04.43 बजे प्रधानमंत्री ने झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। ऐन मौके पर सहरसा स्टेशन पर मौजूद सांसद दिनेश चंद्र यादव ने हाथ हिलाकर ट्रेन का शुभारंभ कराया।**

## एक करोड़ के इनामी सहित तीन नक्सलियों का एनकाउंटर

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में पुलिस और कोबरा बटालियन को नक्सल अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। गोरहर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी सहदेव सोरेन सहित तीन नक्सली ढेर हो गए। सुरक्षाबलों ने मौके से तीन एके-47 राइफल और अन्य सामान भी बरामद किया।एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों में केंद्रीय कमेटी मेंबर सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश (इनाम – 1 करोड़), झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य रघुनाथ हेंब्रम (इनाम – 25 लाख) और कमेटी मेंबर वीर सेन गंझू (इनाम – 10 लाख) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार ये सभी नक्सली लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय थे। यह मुठभेड़ गोरहर थाना क्षेत्र के पातितिरी के जंगल में हुई, जो बोकारो और



गिरिडीह जिले की सीमा से सटा हुआ इलाका है। यहां सहदेव सोरेन का दस्ता सक्रिय था। पुलिस और कोबरा की संयुक्त टीम को सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें गोलीबारी के बाद तीनों नक्सली मारे गए। अभी भी इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ 209 कोबरा बटालियन के दो जवान – अजय भौतिक (असम निवासी) और सुब्रतो विश्वास (पश्चिम बंगाल निवासी) घायल हो गए। दोनों को हजारीबाग के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सहदेव सोरेन लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था और कई बड़ी नक्सली घटनाओं में उसकी भूमिका रही थी। उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था।

# व्यापार जगत

## हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बाजार में गिरावट

एजेंसी | मुंबई

आईटी और ऑटो शेयरों में हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली के चलते सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सेंसेक्स करीब 119 अंक गिर गया, जबकि निफ्टी में आठ दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशक बाजार से दूर रहे क्योंकि बाजार इस सप्ताह की अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति बैठक के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहा था। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे बढ़कर 88.20 (अनंतिम) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 118.96 अंक या 0.15 प्रतिशत गिरकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 81,998.51 के उच्चतम और 81,744.70 के निम्नतम स्तर को छुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 44.80 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,069.20 अंक पर बंद हुआ।




### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इंफोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। वहीं बजाज फाइनेंस, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ में रहीं।

### फेड नीति की बैठक के पहले निवेशक सतर्क

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेड की नीति बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण बेंचमार्क सूचकांकों में लगभग कोई बदलाव नहीं हुआ। पिछले हफ्ते की तेजी के बाद आईटी सूचकांक में मुनाफावसूली देखी गई। हालांकि 25-बीपीएस की ब्याज दर में कटौती काफी हद तक असरदार है। लेकिन बाजार बॉन्ड प्रतिफल की दिशा का अंदाजा लगाने के लिए भविष्य की ब्याज दरों के बारे में मार्गदर्शन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत घरेलू खपत से धारणा को बल मिल रहा है और गिरावट सीमित हो रही है।

## समग्र बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट

**मुंबई।** अगस्त 2025 में भारत की समग्र बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत पर आ गई। यह दर लगातार दूसरे महीने घट रही है। जून में यह 5.6 प्रतिशत थी, जुलाई में 5.2 प्रतिशत तक गिर गई और अब अगस्त में 5.1 प्रतिशत रही। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में दी गई। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में



बेरोजगारी दर अगस्त में 5.0 प्रतिशत तक गिर गई, जो अप्रैल 2025 के बाद सबसे कम है। शहरी पुरुषों में बेरोजगारी जुलाई में 6.6 प्रतिशत से घटकर अगस्त में 5.9 प्रतिशत हो गई, जबकि ग्रामीण पुरुषों में यह 4.5 प्रतिशत रही। ग्रामीण बेरोजगारी दर लगातार तीन महीनों तक गिरती रही, मई में 5.1 प्रतिशत से अगस्त में घटकर 4.3 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण और शहरी बेरोजगारी दर मिलाकर समग्र दर 5.1 प्रतिशत रही। महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR) जून में 30.2 प्रतिशत की तुलना में अगस्त में बढ़कर 32.0 प्रतिशत हो गया। ग्रामीण महिलाओं का WPR जून में 33.6 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त में 35.9 प्रतिशत हुआ, जबकि शहरी महिलाओं का WPR जून में 22.9 प्रतिशत से बढ़कर 23.8 प्रतिशत हो गया।

## अगस्त में भारत का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

अगस्त में भारत का निर्यात 6.7 प्रतिशत बढ़कर 35.1 अरब डॉलर हो गया है, जबकि आयात 10.12 प्रतिशत घटकर 61.59 अरब डॉलर रह गया। पिछले वर्ष अगस्त में निर्यात 32.89 अरब डॉलर और आयात 68.53 अरब डॉलर था। इसी अवधि में व्यापार घाटा 26.49 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल अगस्त में 35.64 बिलियन डॉलर था।



### अप्रैल-अगस्त 2025-26 का व्यापार आंकड़ा

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अगस्त 2025-26 के दौरान भारत का कुल निर्यात 184.13 बिलियन डॉलर और आयात 306.52 बिलियन डॉलर रहा। आंकड़ों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक और व्यापार नीति की अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के निर्यातकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हालांकि घरेलू स्तर पर इनके दामों पर नजर रखने की जरूरत बनी हुई है क्योंकि बुवाई की रफ्तार सुस्त पड़ी है।

## अब तक सात करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल

दोपहर संवाददाता | मुंबई

आयकर विभाग के अनुसार सोमवार शाम तक करीब सात करोड़ से अधिक आईटी रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। सोमवार यानी आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख है। सोमवार को रात 12 बजे से पहले लोग अपना रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। अब तक की जानकारी के अनुसार रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने के कारण ई-फाइलिंग पोर्टल पर यूजर्स को भारी ट्रैफिक का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न संगठनों के मांगों के बावजूद, आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 (एवाई 2025-26) के लिए एकल व्यक्तियों, एचयूएफ और उन लोगों की ओर से आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने का कोई संकेत नहीं दिया है, जिन्हें अपने खातों का ऑडिट नहीं कराना है। कंपनी ने एक पोस्ट में कहा, ₹अब तक 7 करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं और अभी भी गिनती जारी है।₹ विभाग ने लोगों से अपील की है कि कर जिन्होंने निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है, वे अपना रिटर्न दाखिल करें। वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। पिछले साल 31 जुलाई तक 7.28 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे। पिछले कुछ दिनों में कई चार्टर्ड अकाउंटेंट और व्यक्तियों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि आईटी पोर्टल पर कर भुगतान और एआईएस (वार्षिक सूचना विवरण) डाउनलोड करते समय गड़बड़ियां आ रही हैं। सोमवार को नेटिजन्स ने यह भी शिकायत की कि वे ई-फ्लिंग पोर्टल में लॉग इन करने में असमर्थ हैं।

## जियार्जियो अरमानी की मौत के बाद 11.8 अरब डॉलर की वसीयत का खुलासा

एजेंसी | नई दिल्ली

फैशन जगत के दिग्गज जियोर्जियो अरमानी का 4 सितंबर को 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन के बाद शुक्रवार को उनके 11.8 अरब डॉलर के लग्जरी समूह की वसीयत सार्वजनिक की गई। अरमानी ने अपनी वसीयत में एक बड़े लक्जरी समूह से अपनी कंपनी में हिस्सेदारी लेने का अनुरोध किया है। इन संभावित खरीदारों के रूप में एलवीएमएच, या लोरियल का जिक्र किया गया है। अरमानी ने अपनी वसीयत में और क्या-क्या कहा है आइए जानते हैं विस्तार से। इतालवी डिजाइनर जियार्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में 4 सितंबर को निधन हो गया। उन्होंने बीते पांच दशकों में कई मिलियन यूरो का फैशन साम्राज्य खड़ा किया था और उसपर सख्त नियंत्रण बनाए रखा। उनके विशाल साम्राज्य में हाउते कॉउचर से लेकर होटल तक शामिल थे। एक इतालवी प्रेस की ओर से प्रकाशित अपनी वसीयत में अरमानी ने इच्छा जताई है कि जिस फाउंडेशन को कंपनी विरासत में मिलेगी। उसे 15 प्रतिशत हिस्सेदारी एक प्रमुख फैशन हाउस को बेच देनी चाहिए। उन्होंने फ्रांसीसी लक्जरी दिग्गज एलवीएमएच, सौंदर्य प्रसाधन समूह लोरियल और आईवियर कंपनी एस्सिलोरलक्सोटिका का जिक्र अपने पसंदीदा खरीदारों के रूप में किया है। हालांकि अरमानी ने कहा है कि इसी स्तर की कोई अन्य कंपनी भी उन्हें स्वीकार्य होगी।

## विरोध प्रदर्शनों से नेपाल के होटल उद्योग को 25 अरब का नुकसान

**मुंबई। मंगलवार के हिंसक विरोध प्रदर्शन से नेपाल के होटल उद्योग को देश भर में करीब 2500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पर्यटन आधारित देश की अर्थव्यवस्था के लिए यह बड़ा झटका है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश भर के लगभग दो दर्जन होटलों में तोड़फोड़, लूटपाट या आगजनी की गई। सबसे बुरी तरह प्रभावित होटलों में काठमांडू का हिल्टन होटल शामिल है। इसे अकेले 8 अरब रुपये से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। माई रिपब्लिका समाचार पोर्टल ने होटल एसोसिएशन नेपाल (एचएएन) की ओर से जारी एक बयान के हवाले से यह जानकारी दी। काठमांडो घाटी, पोखरा, बुटवल, भैरहवा, झापा, विराटनगर, धनगढ़ी, महोत्तरी और डांग-तुलसीपुर के अन्य प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड होटलों को भी हिंसा का खामियाजा भुगतना पड़ा।**

# बांग्लादेश के लिए 'करो या मरो' की स्थिति

## अफगानिस्तान के खिलाफ स्पिन चुनौती से पार पाना होगा बांग्लादेश को

**एशिया कप**

एजेंसी । अबुधाबी

बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रुप बी के 'करो या मरो वाले मुकाबले में मंगलवार को अफगानिस्तान की कड़ी स्पिन की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं अफगान टीम सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगी। उसने अपने पिछले आठ मैचों में से छह में जीत दर्ज की है। इससे ही टीम की फॉर्म का अंदाजा लगाया जा सकता है। लिटन दास की अगुआई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत से अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई। इससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया।



**नंबर गेम**

- 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले दोनों टीमों ने आपस में खेले
- 07 मैच अफगानिस्तान जबकि पांच बांग्लादेश की टीम ने जीते
- 05 पिछले मैचों में तीन अफगानिस्तान ने जीते, दो में हार झेली

### बेहतर रन रेट

अफगानिस्तान नेट रन रेट (4.700) के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा। बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जाकेर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था।

### फिरकी की फांस

अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा। अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**बांग्लादेश:** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदयोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

# अगस्त महीने के लिए मोहम्मद सिराज ने जीता पुरस्कार



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अगस्त महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। उन्होंने न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। वह भारत की ओर से कुल 9वें ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने ये मासिक पुरस्कार जीतने में सफलता हासिल की है। सिराज ने अगस्त महीने में ओवल टेस्ट के रूप में इकलौता मैच खेला था, जिसमें कुल 9 विकेट लेते हुए जीत दिलाई थी। उन्होंने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए थे। सिराज ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में 9 पारियों में 32.43 की औसत के साथ 23 विकेट लिए थे। वह उस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। शुभमन गिल की कप्तानी में हुई सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी।

### अपने साथियों और सहयोगी स्टाफ को दिया श्रेय

ICC के मुताबिक, सिराज ने पुरस्कार जीतने के बाद कहा, ?मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण गेंदबाजी कर सका। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इससे मेरा सर्वश्रेष्ठ भी सामने आया। यह पुरस्कार जितना मेरा है, उतना ही मेरे साथियों और सहयोगी स्टाफ का भी है, क्योंकि उनके निरंतर प्रोत्साहन और विश्वास ने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बत्रा बने एएसआईपी के सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष नरिंदर बत्रा को खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) के सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इसमें लंबी कूद में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज भी हैं। संघ के प्रबंधन बोर्ड ने रविवार को हुई बैठक में बोर्ड के गठन को मंजूरी दी। बोर्ड भारतीय खेलों के इको सिस्टम से जुड़े हर पेशेवर को एकजुट करने के एएसआईपी के मिशन के लिए रणनीतियां बनाएगा। बोर्ड उच्च स्तरीय रणनीतिक रोडमैप और अग्रणी नीतियां तैयार करेगा, हितधारकों को जोड़ने पर सलाह देगा और वाणिज्यिक विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

### रेहान थॉमस सिमंस बैंक ओपन में शीर्ष 20 में

**फ्रेंक्लिन।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस सिमंस बैंक ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ संयुक्त 20वें स्थान पर रहे। दुबई में पले-बढ़े 24 वर्ष के रेहान ने 11 अंडर पार स्कोर किया। इस प्रदर्शन से उन्हें 17000 से अधिक अमेरिकी डॉलर और महत्वपूर्ण अंक मिले। जैक बाउचोउ ने 23 अंडर पार 257 के स्कोर के साथ खिताब जीता।

# दबाव न ले तो विश्व कप जीत सकती है महिला टीम : नाइक



**मुंबई।** भारत की पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सुलक्षणा नाइक को यकीन है कि भारतीय महिला टीम घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने में सक्षम है, बशर्ते वह दबाव से निपट सके। दो टेस्ट, 46 वनडे और 31 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली नाइक ने विश्व कप ट्रॉफी दौरे के दौरान एक पैनल चर्चा में कहा, यह टीम विश्व कप जीतने में पूरी तरह सक्षम है। मैं केवल दबाव को लेकर चिंतित हूं। उन्हें दबाव नहीं लेना चाहिए। भारतीय महिला टीम वनडे विश्व कप नहीं जीत पाई है। वह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट में यह इंतजार खत्म करने की कोशिश करेगी। बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्य नाइक ने कहा, भारतीय महिला टीम को इसकी आदत डालनी चाहिए। भारतीय पुरुष टीम इसकी आदी हो चुकी है।

# स्पेन डेविस कप के अंतिम आठ में, अमेरिका बाहर




**मार्बेला।** डेविस कप में स्पेन ने डेनमार्क के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 3-2 से जीत दर्ज की और अंतिम आठ में जगह बना ली। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की गैरमौजूदगी में स्पेन शुरुआती दो मैच हार चुका था और युगल मुकाबले में भी पिछड़ रहा था। लेकिन जौम मुनार और पेड्रो मार्टिनेज ने अगस्टा होल्मग्रेन और जोहान्स इंगिल्डसन को 1-6, 6-3, 6-2 से हराकर उम्मीदें जगाईं। मार्टिनेज ने पहले उलट एकल में भी होल्गर रूने को 6-1, 4-6, 7-6 (3) से हराया था।

### बुस्टा ने दिलाई निर्णायक जीत

निर्णायक मैच में पाब्लो कारेनो बुस्टा ने एल्मर मोलर को 6-2, 6-3 से हराकर स्पेन को इतिहास में पहली बार 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत दिलाई। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया को बेल्जियम से 2-3 से हार झेलनी पड़ी, जबकि फ्लोरिडा में खेले गए एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य ने अमेरिका को 3-2 से हराया।

# लक्ष्य, सात्विक-चिराग की नजरें सत्र के पहले खिताब पर

- सेन का सामना पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा
- सत्र में सात्विक-चिराग की जोड़ी छह बार सेमीफाइनल में पहुंची है

**चाइना मास्टर्स**

**शेनजेन।** हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन में यह लय कायम रखने उतरेंगे। इनकी नजरें इस सत्र का पहला खिताब जीतने पर रहेंगी।





### सत्र में अच्छा प्रदर्शन

आठवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचे, विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य जीता और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे। पिछले 16 महीने में यह उनका पहला फाइनल था। हालांकि एशियाई खेल चैंपियन जोड़ी इस सत्र में खिताब नहीं जीत सकी है। उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा।

### सेन को आसान ड्रॉ

पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। अल्मोड़ा के 24 वर्षीय लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आए हैं। आखिरकार उन्होंने पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा। उन्होंने कहा, मुझे अधिक आत्मविश्वास रखना होगा। पहले ही दिन से प्रक्रिया पर अडिग रहना होगा। पुरुष एकल में ही पिछले सप्ताह जापान के कोडाइ नराओका को हराने वाले आयुष शेट्टी का सामना चीनी ताइपे के छठी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा।

## बॉलीवुड

'जॉली एलएलबी 3' में डबल धमाका

# हुमा कुरैशी और अमृता राव की धमाकेदार वापसी



10 सितम्बर को जब 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज़ हुआ, तो फैंस का उत्साह देखते ही बन गया। ट्रेलर में हंसी, ड्रामा और ग्रैंड कोर्टरूम फेस-ऑफ़ की झलक ने दर्शकों का मन मोह लिया। हर फ्रेम में कोर्टरूम की तकरार और कॉमिक टाइमिंग का तड़का साफ दिख रहा है, जिससे फैंस को फिल्म के फाइनल क्लैश का बेसब्री से इंतजार होने लगा है। इस बार फ्रैंचाइज़ की दो लोकप्रिय अदाकाराएं, हुमा कुरैशी और अमृता राव, पहली बार एक ही स्क्रीन पर साथ दिखाई देंगी। हुमा कुरैशी अपने पुराने किरदार पुष्पा पांडे की चटपटी अदाओं और फायरबाज़ी के साथ लौट रही हैं। उनका तेज़ तर्रार अंदाज़ और दमदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आएगा। वहीं अमृता राव संध्या त्यागी की ग्रेसफुल और सपोर्टिव भूमिका में वापस आ रही हैं, जो पहले के सीरीज़ की यादें ताज़ा करती हैं और फिल्म में एक अलग तरह की मजबूती जोड़ती हैं। हुमा और अमृता की यह जोड़ी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जोड़ी के साथ मिलकर कोर्टरूम ड्रामा और कॉमिक टाइमिंग को नया स्तर देती है। इसके अलावा सौरभ शुक्ला और गजराज राव जैसे अनुभवी कलाकार फिल्म के सटायर और ह्यूमर को और मज़बूत बनाते हैं। 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर साफ संकेत देता है कि इस बार कोर्टरूम क्लैश और कॉमिक सीन का अनुभव पहले से भी बड़ा और मज़ेदार होगा। स्टार स्टूडियो18 के बैनर तले और सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म फैंस के लिए बड़े स्क्रीन पर कोर्टरूम का धमाका लेकर आ रही है। अब इंतजार केवल 19 सितम्बर का है, जब फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी और दर्शकों को फाइनल कोर्टरूम क्लैश का पूरा मज़ा मिलेगा।

# फिल्म 'जटाधारा' की रिलीज तारीख का ऐलान



कुछ समय पहले सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की फिल्म 'जटाधारा' की घोषणा की गई थी, जिसने सिनेमाप्रेमियों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी थी। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए सोनाक्षी सिन्हा तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। यही वजह है कि हिंदी और साउथ इंडस्ट्री के दर्शक इस फिल्म को लेकर खासा उत्साहित हैं। लंबे समय से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे और अब यह इंतजार खत्म होने जा रहा है।

फिल्म के निर्माताओं ने आखिरकार 'जटाधारा' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। दर्शकों के लिए यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज की जाएगी, जिससे यह व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंच सके। रिलीज डेट का ऐलान करते हुए फिल्म का शानदार मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के रहस्यमयी और पौराणिक अंदाज की झलक देखने को मिलती है। निर्माताओं ने इसके साथ लिखा, अंधकार की गहराइयों से, दिव्यता उभरती है। यह टैगलाइन फिल्म की कहानी और थीम के रहस्य को और गहरा करती है।

'जटाधारा' का निर्देशन वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर किया है। फिल्म की स्टारकास्ट भी काफी दमदार है। सोनाक्षी और सुधीर बाबू के साथ इसमें दिव्या खोसला कुमार और शिल्पा शिरोडकर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। भव्य सेट्स, रहस्यमयी कहानी और पैन-इंडिया रिलीज की योजना के साथ 'जटाधारा' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है। दर्शक अब बेसब्री से 7 नवंबर का इंतजार कर रहे हैं, जब यह फिल्म बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरेगी।



# कैटरीना कैफ और विक्की कौशल बनने वाले हैं माता-पिता

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे चर्चित और लोकप्रिय जोड़ियों में से एक है। दोनों की शादी अपनी चौथी सालगिरह के करीब है और अब प्रशंसक कैटरीना और विक्की के घर किलकारी गूंजने का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। अब इस बीच एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्की और कैटरीना जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कैटरीना और विक्की इस साल माता-पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री 7 महीने से गर्भवती है। यह जोड़ी अक्टूबर-नवंबर में अपने पहले बच्चे का दुनिया में स्वागत करने वाली है। विक्की और कैटरीना के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि दोनों जल्द अपने प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी साझा करने वाले हैं। सूत्र ने यह भी बताया कि मां बनने के बाद कैटरीना फिल्मों से लंबा ब्रेक लेने वाली हैं।

# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का ट्रेलर रिलीज



अभिनेता वरुण धवन जल्द ही दर्शकों के सामने अपनी नई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' लेकर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी कहानी में अहम किरदार निभा रहे हैं। फिल्म से जुड़े पोस्टर, टीजर और गानों ने पहले ही दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था। अब इसका धमाकेदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का ट्रेलर हंसी, मस्ती और रोमांस का जबरदस्त तड़का पेश करता है। फिल्म में वरुण धवन सनी संस्कारी के किरदार में नजर आ रहे हैं, जबकि जाह्नवी कपूर तुलसी कुमारी बनी हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन कैमिस्ट्री को दर्शकों से खूब तारीफें मिल रही हैं। वरुण की बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग दर्शकों को लुभा रही है। वहीं, सान्या मल्होत्रा अनन्या और रोहित सराफ विक्रम के रोल में नजर आएंगे। इनकी नई जोड़ी को लेकर भी दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है, जो 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'धड़क' और 'अजीब दास्तां' जैसी लोकप्रिय फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के साथ इसमें मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और रिया विज जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। करण जौहर द्वारा निर्मित यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ...तो रद्द करेंगे एसआईआर

▸▸ सुप्रीम कोर्ट की चुनाव आयोग को चेतावनी

▸▸ अब 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर चुनावी राज्य बिहार में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) में कोई भी अवैधता पाई जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि भारत का चुनाव आयोग (ECI), एक संवैधानिक संस्था होने के नाते, बिहार में एसआईआर के दौरान कानून का पालन कर रहा होगा। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि वह भारत के चुनाव आयोग को देशभर में वोटर लिस्ट के रिवीजन के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। पीठ ने कहा कि बिहार एसआईआर मामले में उसका फैसला पूरे देश में लागू होगा।

### सभी राज्यों के लिए SIR पर चिंताएं

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने आग्रह किया कि आयोग को पूरी प्रक्रिया पूरी करने दी जाए और इसके बाद अदालत इस पर बेहतर आकलन कर सकेगी। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है और 10 सितंबर को सभी राज्यों के लिए एक बैठक भी आयोजित की गई थी। उनका कहना था कि अन्य राज्यों में इसे आगे बढ़ाने और निष्कर्ष पर पहुँचने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने सवाल उठाया कि अदालत चुनाव आयोग को देश के अन्य हिस्सों में इसी तरह की प्रक्रिया करने से कैसे रोक सकती है। पीठ ने कहा, 'एक बार यह सस्पेंस अवधि समाप्त हो जाए, तो कितने लोगों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें से कितनों ने जवाब दिया है और कितनों ने अपने दावों के निपटारे के लिए कदम उठाए हैं'।

### बिहार एसआईआर की वैधता पर सवाल

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि बिहार में रहने वाले एक नागरिक के तौर पर मुझे इस चुनाव में वोट देने से क्यों रोका जाए, जब प्रक्रिया ही अवैध है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर कोई कार्यप्रणाली अवैध है, तो अदालत उसे रद्द कर देगी। उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से हस्तक्षेप करेंगे'। वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. सिंघवी ने मामले की जल्द विस्तृत सुनवाई की मांग की। पीठ ने कहा कि अंतिम दलीलों की सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की जा सकती है और टुकड़े-टुकड़े में राय नहीं दी जाएगी।




### चुनाव आयोग की नियमावली का उल्लंघन

वकील प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि न केवल नियमों का बल्कि चुनाव आयोग की अपनी नियमावली का भी उल्लंघन हो रहा है और इसमें पारदर्शिता नहीं है। पीठ ने कहा कि जब आयोग से जवाब माँगा जाएगा, तो वह अपनी अलग कहानी बताएगा, इसलिए दोनों पक्षों की बातें सुनी जाएंगी। पीठ ने दोहराया कि वह मानकर चल रही है कि आयोग, एक संवैधानिक प्राधिकरण होने के नाते, कानून का पालन कर रहा है, लेकिन अगर नियमों और वैधानिक दायित्वों का पालन नहीं किया गया तो अदालत सुनवाई करेगी।

### आधार कार्ड को लेकर बहस

सुप्रीम कोर्ट ने अपने 8 सितंबर के आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के दौरान आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि आधार का उपयोग केवल पहचान प्रमाण के रूप में किया जाएगा। पीठ ने कहा कि यह निर्देश केवल अंतरिम है और दस्तावेज की वैधता का मुद्दा अभी खुला है। वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दलील दी कि आधार को नागरिकता के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता और इसे अन्य दस्तावेजों के बराबर मानना गलत होगा। इस पर पीठ ने कहा, 'ड्राइविंग लाइसेंस जाली हो सकते हैं, राशन कार्ड जाली हो सकते हैं, कई दस्तावेज जाली हो सकते हैं। आधार का उपयोग कानून की अनुमति के अनुसार किया जाना चाहिए।

### अगली सुनवाई की तारीख तय

प्रतिवेदनों पर सुनवाई के बाद, पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को निर्धारित की। गौरतलब है कि अदालत बिहार एसआईआर की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

## इंदौर में 1 किलोमीटर तक मौत का तांडव

**बेकाबू ट्रक ने कई लोगों को कुचला**


टक्कर के बाद ट्रक में आग

एजेंसी । इंदौर

इंदौर में एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने कहर बरपाया। ट्रक ने लगभग 8 से 10 गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 15 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। गाड़ियों से भिड़ने के बाद ट्रक बड़ा गणपति पर जाकर रुका और उसमें आग लग गई। ट्रक के नीचे फंसे एक बाइक सवार को लोगों ने जलते हुए ट्रक से बाहर निकाला। घायलों को लगातार अस्पताल भेजा जा रहा है। हादसे के कारण यातायात बाधित हो गया और पुलिस व एंबुलेंस मौके पर राहत कार्य में जुटी रहीं।

### नशे में धुत चालक की लापरवाही

जानकारी के अनुसार, सोमवार को ट्रक चालक तेज रफ्तार और नशे की हालत में लगभग एक किलोमीटर तक दोपहिया और चारपहिया वाहनों को कुचलता हुआ आगे बढ़ता रहा। आखिरकार ट्रक बड़ा गणपति पर आकर रुका जहां उसकी केबिन में आग लग गई। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ट्रक का नंबर एमपी 09 जेपी 4069 बताया गया है।

### चालक गिरफ्तार, घायलों का इलाज जारी

**ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घायलों का अस्पताल में प्राथमिक उपचार चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और बाधित ट्रैफिक को सुचारू करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।**

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत-नेपाल सीमा पर अब तक 79 फरार कैदी पकड़े

**नई दिल्ली।** नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों और जेलों पर हमलों के दौरान भागे 79 कैदियों को भारत-नेपाल सीमा पर पकड़ लिया गया है। इनमें चार विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार विदेशी कैदियों में दो नाइजीरियाई, एक ब्राजीलियाई और एक बांग्लादेशी नागरिक हैं। इनकी उम्र 29 से 40 साल के बीच है और सभी को बिहार से पकड़ा गया। बल ने गत गुरुवार को पश्चिम बंगाल सीमा से एक महिला कैदी अंजिला खातून को भी गिरफ्तार किया। वह अब तक पकड़ी गई पहली महिला कैदी है।

### चुराचांदपुर जिले में कुकी नेता का घर फूंका

**चुराचांदपुर/इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में रविवार रात एक कुकी नेता कैल्विन ऐखेनथांग के आवास को भीड़ द्वारा आग लगा दी गई। वहीं उपद्रवियों ने 'कुकी जो काउंसिल के प्रवक्ता गिन्जा वुअलजोंग के आवास को निशाना बनाया। इन घटनाओं से क्षेत्र में तनाव फैल गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने दावा किया कि 'कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के नेता कैल्विन ऐखेनथांग के आवास को रविवार देर रात आग लगा दी गई। हालांकि, चुराचांदपुर के स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का दावा किया।

### मजबूत होगा संसद का सुरक्षा घेरा

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा को मजबूत करने की तैयारी शुरू हो गई है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) 14.64 करोड़ से संसद में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम कराएगा। यहां इलेक्ट्रिक बाड़, फाइबर ऑप्टिक घुसपैठ पहचान प्रणाली (पीआईडीएस) और केंद्रीकृत वीडियो प्रबंधन प्रणाली (वीएमएस) और सीसीटीवी निगरानी नेटवर्क की स्थापना की जाएगी। सीपीडब्ल्यूडी ने परियोजना के लिए निविदा जारी कर दी गई। इसके तहत 18 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

### चीन सीमा पर बीडब्ल्यूएचजी जवान होंगे तैनात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत-पाकिस्तान सीमा की तरह चीन से लगी सीमा पर बॉर्डर विंग होमगार्ड (बीडब्ल्यूएचजी) तैनात करने की योजना पर विचार कर रहा है। यह गार्ड आईटीबीपी को सहयोग करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीडब्ल्यूएचजी सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाली नागरिक आबादी से आते हैं और ये आपात स्थिति में सेना व अन्य सीमा बलों के सहायक के रूप में कार्य करते हैं। सात राज्यों को बीडब्ल्यूएचजी रखने की अनुमति है। यह राज्य मेघालय, त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, पंजाब, राजस्थान और गुजरात हैं। हालांकि, ये वर्तमान में केवल राजस्थान में ही कार्यरत हैं। राजस्थान में 2,279 बीडब्ल्यूएचजी सक्रिय हैं।

## तंबुओं में चल रही नेपाल की सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी । काठमांडू

नेपाल में पिछले हफ्ते हुए हिंसक प्रदर्शनों और आगजनी के बाद सुप्रीम कोर्ट की इमारत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कर्फ्यू में ढील मिलते ही अदालत का कामकाज परिसर में लगाए गए अस्थायी तंबुओं से शुरू किया गया है। तंबुओं पर 'सुप्रीम कोर्ट नेपाल लिखा है और यहीं पर अलग-अलग अदालतों के कर्मचारी लोगों से मिल रहे हैं और उनके केस की अगली तारीखें तय कर रहे हैं।

### 36 हजार पुराने रिकॉर्ड आग में नष्ट

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्णमान साक्या के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट परिसर में रखी गई कम से कम 26 हजार लंबित मामलों की फाइलें और 36 हजार पुराने रिकॉर्ड आगजनी में नष्ट हो गए। रजिस्ट्री ऑफिस, कोर्टरूम, जजों और चीफ जस्टिस के चैंबर तक पूरी तरह जल गए हैं। अदालत प्रशासन ने किसी को भी जर्जर इमारत में प्रवेश करने से मना किया है, क्योंकि ढांचे के गिरने का खतरा बना हुआ है। आगजनी में जलकर राख सैकड़ों मोटरसाइकिल और कारें परिसर के बाहर नजर आ रही हैं।

### काठमांडू में हालात पूरी तरह सामान्य नहीं

नेपाल की राजधानी हालिया हिंसक प्रदर्शनों के बाद पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि माहौल में अब भी डर है, जिसका असर कारोबार पर भी पड़ा है। काठमांडू निवासी सबिता सुर्खेती ने कहा, हालात अभी सामान्य नहीं हुए हैं। लोगों की आवाजाही कम है। लोग अब भी गम में हैं। बिक्री बुरी तरह प्रभावित है। हालांकि, कुछ लोगों को सुधार की उम्मीद दिख रही है। सुर्या बहादुर श्रेष्ठ ने कहा, पिछले हफ्ते की तुलना में हालात कुछ बेहतर हुए हैं, लेकिन पूरी तरह सामान्य नहीं कहे जा सकते।

## भारत-अमेरिका बीच P-8I समुद्री टोही विमानों की नई डील जल्द

**नई दिल्ली।** अमेरिका से जारी टैरिफ वॉर के बीच अमेरिका और भारत के बीच समुद्री टोही विमानों की एक ताज़ा डील जल्द ही हो सकती है। इस सौदे पर बातचीत करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों और विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग का एक संयुक्त दल मंगलवार को भारत आ रहा है। यह दल करीब 4 दिन तक देश में रहेगा और इस दौरान भारतीय नौसेना के लिये छह पी 8 आई समुद्री टोही विमानों के सौदे पर बातचीत होगी। समुद्री निगरानी के मामले में इस टोही विमान का कोई सानी नहीं है। भारतीय नौसेना के पास पहले से ऐसे 12 लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी 8 आई विमान हैं, अमेरिकी से हुए सौदे के तहत 2009 में 8 और 2016 में 4 पी 8 आई विमान लिए गए। हालांकि, नौसेना ने 10 और पी 8 आई विमानों की इच्छा जताई थी। रक्षा खरीद परिषद ने छह अतिरिक्त पी 8 आई विमान खरीदने की मंजूरी दी थी।

## लाल किले की दीवारें हो रही काली!

▸▸ **दिल्ली का प्रदूषण बहुत तेजी से पहुंचा रहा नुकसान, स्टडी में खुलासा**

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत की समृद्ध विरासत, स्वतंत्रता और संप्रभुता की पहचान कहलाने वाला लाल किला अब काला हो रहा है। लाल पत्थर से बनी इसकी दीवारों पर काली परतें चढ़ रही हैं। एक स्टडी में यह खुलासा हुआ है। यह खबर दिल्ली के प्रदूषण से जुड़ी एक चौंकाने वाली जानकारी है। एक इंडो-इटालियन स्टडी में पाया गया कि 17वीं सदी के इस स्मारक की लाल बलुआ पत्थर की दीवारों पर प्रदूषकों की काली परतें लगातार जम रही हैं, जिससे इसकी संरचनात्मक और सौंदर्यात्मक अखंडता को ख़तरा हो रहा है। 'एक सांस्कृतिक विरासत भवनः लाल किला, दिल्ली, भारत पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का विश्लेषण करने के लिए लाल बलुआ पत्थर और काली परत का लक्षण वर्णन' शीर्षक वाला यह अध्ययन, सम्राट शाहजहां द्वारा 1639 से 1648 के बीच निर्मित इस ऐतिहासिक स्मारक पर शहरी वायु प्रदूषण के प्रभाव की पहली व्यापक वैज्ञानिक जांच है।



### सर्वेक्षण में IIT रुड़की और कानपुर भी शामिल

भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और इटली के विदेश मंत्रालय (MAECI) के बीच सहयोग से विकसित यह शोध इस वर्ष IIT रुड़की, IIT कानपुर, वेनिस के का' फोस्कारी यूनिवर्सिटी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। टीम ने ज़फ़र महल सहित लाल किला परिसर के अलग-अलग हिस्सों से बलुआ पत्थर इकट्ठा किया और काली परत के नमूनों का विश्लेषण किया।

### काली परत पर स्टडी में क्या कहा गया

काली परतें मुख्य रूप से जिप्सम, बेसानाइट, वेडेलाइट और सीसा, जस्ता, क्रोमियम तथा तांबे जैसी भारी धातुओं की अल्प मात्रा से बनी होती हैं। ये प्रदूषक बलुआ पत्थर में स्वाभाविक रूप से नहीं पाए जाते, बल्कि बाहरी स्रोतों से जमा होते हैं, जिनमें वाहनों का उत्सर्जन, सीमेंट कारखाने और निर्माण गतिविधियां शामिल हैं। अध्ययन में बताया गया कि सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे प्रदूषकों की रासायनिक अभिक्रिया से जिप्सम की परतें बनती हैं।

### लाल किले की दीवारों में दरारें

इसके अलावा, नाइट्रेट और ऑक्सालेट बलुआ पत्थर में रिसते पाए गए, जिससे आंतरिक तनाव, दरारें और जैविक वृद्धि हुई। टीम ने प्रवेश द्वारों के पास फफोले, नमक के क्रिस्टलीकरण और नमी से संबंधित टूट-फूट भी देखी। वहीं मकराना संगमरमर की आंतरिक सजावट अपेक्षाकृत कम क्षतिग्रस्त पाई गई, क्योंकि उसकी दानेदार संरचना मजबूत है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 2021 से 2023 तक के वायु गुणवत्ता आंकड़ों के अनुसार, सूक्ष्म कण पदार्थों की सांद्रता राष्ट्रीय सीमा से ढाई गुना अधिक और मोटे कण तीन गुना अधिक थे। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का स्तर भी सुरक्षित सीमा से ऊपर था, जिससे पत्थर धीरे-धीरे क्षय हुआ।

## देश में हृदय रोग और मधुमेह से मौत का खतरा बढ़ा

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत उन देशों में शामिल है, जहां कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह जैसी क्रॉनिक बीमारियों से मौत का खतरा पिछले एक दशक में बढ़ा है। जबकि दुनिया के हर पांच में से चार देशों में यह खतरा घटा है। यह जानकारी द लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में सामने आई है, जिसका नेतृत्व यूके की इम्पीरियल कॉलेज लंदन की टीम ने किया। अध्ययन में पाया गया कि भारत में पुरुषों और महिलाओं दोनों पर इसका असर है, लेकिन महिलाओं में जोखिम और अधिक है। अध्ययन के अनुसार भारत में क्रॉनिक बीमारियों से होने वाली मौतों में हृदय रोग और मधुमेह प्रमुख कारण हैं।



### 185 देशों के आंकड़ों का किया विश्लेषण

शोधकर्ताओं ने 185 देशों और क्षेत्रों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। 2010 से 2019 के बीच, 152 देशों में महिलाओं और 147 देशों में पुरुषों के लिए क्रॉनिक बीमारियों से मौत का खतरा घटा। वहीं, 33 देशों की महिलाओं और 38 देशों के पुरुषों में यह खतरा बढ़ा।

## अंतरिम सरकार में तीन मंत्रियों ने शपथ ली

एजेंसी । काठमांडू



नेपाल में हालिया विरोध प्रदर्शनों और सत्ता परिवर्तन के बाद बनी अंतरिम सरकार ने सोमवार को तीन मंत्रियों को शामिल किया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास (राष्ट्रपति भवन) में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपनी कैबिनेट का विस्तार करते हुए रामेश्वर खनाल को वित्त मंत्रालय, कुलमान घिसिंग को ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई, भौतिक अवसंरचना एवं परिवहन और शहरी विकास मंत्रालय, जबकि ओम प्रकाश आर्याल को गृह तथा विधि, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी। शपथ के तुरंत बाद तीनों नेताओं ने अपने-अपने मंत्रालयों का कार्यभार संभाल लिया।

**शख्सियत ऑफ़ द डे** — अनीत पड्डा ने जनरेशन Z के लिए ब्यूटी की नई परिभाषा गढ़ने का लिया संकल्प

## द हाउस ऑफ़ लैक्मे ने अनीत को बनाया ब्रांड का नया चेहरा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

**बॉलीवुड की सबसे ताज़ा चेहरा लैक्मे के उस विज़न को दर्शाती है जो नई पीढ़ी के लिए सहज और अभिव्यक्ति पूर्ण सौंदर्य की पहचान है। भारत के पहले और सबसे बड़े मेकअप ब्रांड, द हाउस ऑफ़ लैक्मे ने आज अनीत पड्डा को अपने नए चेहरे के रूप में स्वागत किया। इस सहयोग के साथ, लैक्मे अपना अगला अध्याय शुरू कर रहा है, जो सीधे जनरेशन Z से संवाद करता है – एक ऐसी पीढ़ी जो प्राकृतिक आभा, स्किनिफाइड फ़ॉर्मूलास और परफेक्शन से ज्यादा आत्म-अभिव्यक्ति के ज़रिए ब्यूटी को फिर से परिभाषित कर रही है। दशकों से लैक्मे भारतीय सौंदर्य संस्कृति को आकार देने में सबसे आगे रहा है। यह सिर्फ आइकॉन को सेलिब्रेट नहीं करता बल्कि उन्हें बनाता भी है। अनीत के साथ, यह ब्रांड अपनी इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है, एक नई आवाज को सामने लाकर जो युवा पीढ़ी के नए ब्यूटी कोड्स को दर्शाती है।**



### लैक्मे हमेशा ब्यूटी कन्वर्सेशन्स को आकार देने में आगे रहा : खैतान

सुनंदा खैतान, वाइस प्रेसिडेंट – लैक्मे, ने कहा : "लैक्मे हमेशा से टैलेंट पहचानने और ब्यूटी कन्वर्सेशन्स को आकार देने में आगे रहा है। अनीत के साथ, हम ब्यूटी के उस बदलते रूप को गले लगा रहे हैं जो हाई-कवरेज परफेक्शन से सहज, अभिव्यक्ति पूर्ण और आधुनिक मेकअप की ओर बढ़ रहा है, जैसा जनरेशन Z ब्यूटी को अनुभव करना चाहती है।"

### संतुलन पर आधारित है अनीत का फ़लसफ़ा

अनीत का फ़लसफ़ा संतुलन पर आधारित है : मिनिमल का मतलब नो मेकअप नहीं है, बल्कि राइट मेकअप है। वह उस बदलाव का प्रतिनिधित्व करती हैं जहाँ जनरेशन Z अब ब्यूटी को नकाब नहीं बल्कि अभिव्यक्ति का साधन मानती है। उनकी शैली प्राकृतिक आभा, हल्के सुधार और रचनात्मक प्रयोगों का उत्सव है, जो प्रामाणिक, पहनने योग्य और हमेशा थोड़ा सा एक्सपेरिमेंटल लगता है।

### मुझे वह मेकअप पसंद है जो सहज हो : पड्डा

अनीत पड्डा ने अपनी खुशी जताते हुए कहा : "मेरे लिए मेकअप कभी छिपाने के बारे में नहीं रहा, यह हमेशा आपके असली रूप को दिखाने के बारे में है। मुझे वह मेकअप पसंद है जो सहज हो। लैक्मे का दर्शन इसी संतुलन को दर्शाता है। मैं इस ब्रांड के साथ साझेदारी कर बेहद उत्साहित हूँ, जो क्रिएटिविटी को प्रेरित करता है और औरतों को आत्मविश्वास से प्रयोग और अभिव्यक्ति करने के लिए प्रोत्साहित करता है।" इस साझेदारी के साथ, लैक्मे भारतीय सौंदर्य का भविष्य गढ़ने वाले ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करता है – व्यक्तिगतता, रचनात्मकता और उन नई आवाज़ों को आगे लाकर जो नई पीढ़ी के साथ गहराई से जुड़ती हैं।

## सीबीआई ने वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाले में छापेमारी की




एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक के वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाले में सोमवार को एक बड़ा एक्शन हुआ। सीबीआई ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 16 स्थानों पर छापेमारी की। यह मामला कर्नाटक महार्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड (KMVSTDCL) से जुड़ा है, जिसे आमतौर पर वाल्मीकि कॉरपोरेशन कहा जाता है। आरोप है कि यहां से करोड़ों रुपए सरकारी खाते से निकालकर तत्कालीन मंत्री के करीबी लोगों और रिश्तेदारों के निजी खातों में ट्रांसफर किए गए। यह केस सबसे पहले 3 जून 2024 को दर्ज हुआ, जब यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम ने शिकायत दी। शिकायत में बताया गया कि फरवरी 2024 से मई 2024 के बीच लगभग 84.63 करोड़ रुपए फर्जीवाड़ा और हेराफेरी के जरिए गायब कर दिए गए।